UPHIN/2011/39718 (डिजिटल संस्करण) बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318

# दैनिक यंग भारत

निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर
Digital Edition

यंग भारत वेब न्यूज़
सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-226 कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में उरई (जालौन) बुधवार 29 जुलाई 2026 youngbharatE-paper.com

## 69 हजार शिक्षक भर्ती में किसी की नौकरी नहीं जाएगी'

### योगी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल किया हलफनामा



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक



( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊः** 69 हजार सहायक शिक्षक भर्ती मामले में योगी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल कर दिया है। दाखिल किए गए हलफनामे में बताया गया है कि मौजूदा शिक्षकों की नौकरी सुरक्षित रहेगी और किसी की भी नौकरी नहीं जाएगी। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल किए गए हलफनामे में सरकार ने साफ किया है कि 2020 में भर्ती हो चुके 67 हजार 867 शिक्षकों की नियुक्तियों पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। अगर हाई कोर्ट के आदेश के अनुसार तैयार की गई रिवाइज्ड मेरिट लिस्ट में नए उम्मीदवार योग्य पाए जाते हैं तो उन्हें उपलब्ध खाली पदों पर नियुक्त किया जाएगा। साथ ही 8270 अभ्यर्थियों की संशोधित सूची कोर्ट में दी है। ये वह

अभ्यर्थी हैं, जो अभी नौकरी में नहीं हैं। सरकार ने कोर्ट में साफ किया कि पिछली सूची में 4926 अभ्यर्थी ऐसे हैं, जिन्होंने कार्यभार ग्रहण नहीं किया था। ऐसे में इन्हें भी संशोधित मेरिट सूची में शामिल किया जाए।

सुप्रीम कोर्ट में दाखिल किए गए हलफनामे में सरकार ने साफ किया है कि 2020 में भर्ती हो चुके 67 हजार 867 शिक्षकों की नियुक्तियों पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। अगर हाई कोर्ट के आदेश के अनुसार तैयार की गई रिवाइज्ड मेरिट लिस्ट में नए उम्मीदवार योग्य पाए जाते हैं तो उन्हें उपलब्ध खाली पदों पर नियुक्त किया जाएगा। साथ ही 8270 अभ्यर्थियों

की संशोधित सूची कोर्ट में दी है। ये वह अभ्यर्थी हैं, जो अभी नौकरी में नहीं हैं। सरकार ने कोर्ट में साफ किया कि पिछली सूची में 4926 अभ्यर्थी ऐसे हैं, जिन्होंने कार्यभार ग्रहण नहीं किया था। ऐसे में इन्हें भी संशोधित मेरिट सूची में शामिल किया जाए। यूपी सरकार ने 1 दिसंबर 2018 को 69 हजार शिक्षक भर्ती का नोटिफिकेशन जारी किया। 6 जनवरी 2019 में परीक्षा आयोजित की गई। इसके अगले दिन कटऑफ तय की गई, जिसमें सामान्य वर्ग के लिए 65 फीसदी और आरक्षित वर्ग के लिए 60 फीसदी रखा गया। इसके बाद मामला हाई कोर्ट और फिर 18 नवंबर 2020 को सुप्रीम कोर्ट में पहुंचा। सुप्रीम कोर्ट ने कटऑफ को सही ठहराया। 1 जून 2020 को सरकार ने 67 हजार 867 अभ्यर्थियों की पहली चयन सूची जारी की। एसटी वर्ग के 1133 पद योग्य उम्मीदवार न मिलने से खाली रह गए। इसके बाद फिर मामला कोर्ट पहुंचा। एससी, एसटी और ओबीसी के उम्मीदवार, जो सामान्य कटऑफ पार कर अनारक्षित श्रेणी में जगह बनाई, उन्होंने आरोप लगाया कि उनको अनारक्षित सीटों पर सही स्थान नहीं मिला।वहीं, दूसरी तरफ दलील दी गई कि जिन आरक्षित अभ्यर्थियों को टीईटी या एटीआरई परीक्षा में 5 फीसदी अंक छूट का लाभ लिया है, उनको जनरल कैटेगरी में माइग्रेट नहीं किया जाना चाहिए। 5 जनवरी 2022 को 6800 अतिरिक्त अभ्यर्थियों की सूची जारी की गई। जिस पर हाई कोर्ट ने रोक लगा दी थी। 13 मार्च 2023 को सिंगल बेंच ने कहा कि 60 फीसदी से 65 फीसदी के बीच अंक पाने वाले आरक्षित उम्मीदवारों को जनरल माइग्रेशन का लाभ नहीं मिलेगा। 1 जून 2020 की लिस्ट में संशोधन करने और 6800 अभ्यर्थियों की दूसरी लिस्ट रद्द करने का आदेश दिया। 13 अगस्त 2024 को डिवीजन बेंच ने सिंगल बेंच का आदेश पलट दिया। सिंगल बेंच ने 69 हजार शिक्षक भर्ती की नई मेरिट लिस्ट जारी करने का आदेश दिया। 9 सितंबर 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम रोक लगा दी थी। इसके बाद प्रदेश सरकार ने दोबारा समीक्षा की और हाई कोर्ट के निर्देशों के अनुरूप संशोधित मेरिट सूची तैयार की। अब सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दिया है।

## यूपी पंचायत चुनाव में 14 बिंदुओं की रिपोर्ट तय करेगी आरक्षण

### योगी सरकार ने सभी जिलों से मांगा ब्योरा




( यंग भारत न्यूज )

**मेरठः** यूपी में प्रस्तावित त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के लिए ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायत के पदों पर आरक्षण तय करने के लिए शासन ने नई प्रक्रिया के तहत सभी जिलों से ग्राम पंचायतवार 14 बिंदुओं पर रिपोर्ट मांगी है। इसी रिपोर्ट के आधार पर आरक्षण तय होगा। दरअसल, ग्राम पंचायतों, जिला पंचायत, ब्लाक प्रमुखों का कार्यकाल पूरा हो चुका है। विकास कार्य न रुके इसके लिए प्रधान, जिला पंचायत अध्यक्ष, ब्लाक प्रमुख को ही प्रशासन नियुक्त किया गया है।

आरक्षण तय करने को सरकार पहले पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन कर चुकी है। अब शासन ने आरक्षण निर्धारण की प्रक्रिया को तथ्यपरक बनाने के मकसद से पंचायत वार सामाजिक और जनसंख्या संबंधी आंकड़े तलब किए हैं। पंचायत राज विभाग रिपोर्ट तैयार कर जल्द शासन को भेजेगा। शासन ने पंचायत राज विभाग से मांगी रिपोर्ट में सभी जिलों से प्रत्येक ग्राम पंचायत का नाम, कुल जनसंख्या, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की आबादी और उसका प्रतिशत, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या, ग्राम पंचायत में कुल वार्डों की संख्या, पूर्व में लागू आरक्षण की स्थिति सहित 14 महत्वपूर्ण बिंदु शामिल हैं। इन आंकड़ों के आधार पर ही पंचायतवार आरक्षण का नया प्रारूप तैयार होगा। सभी जिलों से रिपोर्ट मिलने के बाद आरक्षण की अंतिम सूची शासन से जारी की जाएगी। इसके बाद आपत्तियां आमंत्रित की जाएंगी। उनका निस्तारण होने के बाद चुनाव की अधिसूचना जारी होने की संभावना है। कई जिलों में जिला पंचायत राज अधिकारी के दफ्तर में शासन के 14 बिंदुओं के आधार पर रिपोर्ट बनाई जा रही है। आरक्षण का अंतिम निर्णय शासन स्तर पर ही लिया जाएगा।

## जनपद में प्रशिक्षु आईएएस रिंकू सिंह का निरंतर हो रहा है अभूतपूर्व अपमान

### कल नये तहसील परिसर भेजकर चैम्बर नहीं दिया, आज डीएम ने नगर पालिका की जांच समिति से रिंकू को हटा दिया



( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** किसी डायरेक्ट आईएएस की ऐसी दुर्गति आपने शायद ही कहीं देखी हो थोड़ा पहले से घटनाक्रम पर नजर डालें तो जनपद में पोस्टिंग पर आये प्रशिक्षु आईएएस को जालौन तहसील का एसडीएम डीएम राजेश पांडेय ने नियुक्त किया था। मगर वहां तेज तर्रार आईएएस ने जब बाजार के बीच नजूल की बेशकीमती भूमि पर अवैध कब्जा होते देखा तो तत्काल वे फॉर्म में आ गये और उन्होंने नजूल भूमि के रिकॉर्ड देखकर वहां हो रहे हजारों एस्क्वायर फिट के निर्माण कार्य को रूकवा दिया बस यही से ग्रहदशा मानो रिंकू सिंह के खिलाफ हो गये। अगले दिन ब्लॉक प्रमुख के कोल्ड स्टोरेज में छापा मारने के दौरान जब तमाम कमियां पाईं गईं तो आईएएस की कोल्ड स्टोरेज स्वामी से हॉट-टॉक हो गई। बस यहीं से रिंकू सिंह का ग्राफ एकाएक नीचे गिरा और अगले दिन रिंकू सिंह को जालौन से हटाकर उरई में महत्वहीन पद एसडीएम न्यायिक पर ट्रांसफर कर दिया गया। फिर इसके बाद दो दिन पूर्व एसडीएम रिंकू सिंह को नये बने तहसील भवन में बैठने का निर्देश दिया गया मगर जब एसडीएम न्यायिक वहां पहुंचे तो सभी कमरे बंद मिले उन्होंने अपने चैम्बर के बावत् पूछताछ की तो मौके पर मौजूद नायाब तहसीलदार ने उनके साथ बेअदबी दिखाई और कक्ष खोलने से इंकार कर दिया। तब अपर जिलाधिकारी ने एक आदेश पारित करके एसडीएम न्यायिक का कार्यालय पूर्व स्थान (कलेक्ट्रेट) में ही रहने देने का आदेश पारित किया। इस अपमानजनक परिस्थिति को झेलकर रात में सोकर जब रिंकू सिंह सुबह उठे तो उनके लिए मंगलवार सबसे अपमानजनक साबित हुआ। क्योंकि जिलाधिकारी राजेश पांडेय ने एक आदेश पारित करके नगर पालिका उरई की जांच समिति से रिंकू सिंह को अचानक बाहर करके अपमान का बड़ा झटका दे दिया। जिले में नजारा यह है कि एक डायरेक्ट आईएएस को पीसीएस रैंकर अधिकारी के द्वारा बार-बार अपमानित किया जा रहा है। यह सारी सूचनायें शासन को भेजी जा रही हैं। अब देखना है कि इस प्रकरण पर शासन कौन सा रूख अख्तियार करता है।

## गौरीगंज सीट पर अखिलेश की नजरः बगावत, सनातन प्रेम और 2027 में 'भगवा' का सस्पेंस; समझिए पूरा समीकरण



( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** डॉ. आशीष कुमार त्रिपाठी, अमेठी: उत्तर प्रदेश के राजनीतिक नक्शे पर अमेठी जिले की गौरीगंज विधानसभा सीट हमेशा से अपनी दिलचस्प और अनिश्चित राजनीति के लिए जानी जाती रही है। चुनावी इतिहास गवाह है कि इस सीट पर कभी भी किसी एक राजनीतिक दल का स्थायी वर्चस्व नहीं रहा। कांग्रेस, जनता पार्टी, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), बहुजन समाज पार्टी (बसपा), समाजवादी पार्टी (सपा) से लेकर निर्दलीय उम्मीदवारों तक को गौरीगंज की जनता ने बारी-बारी से मौका दिया है। 2022 के चुनाव में जीते राकेश प्रताप सिंह की बगावत समाजवादी पार्टी के लिए मुश्किलें खड़ी करने वाली हो सकती है। इसको लेकर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव अलग रणनीति तैयार करते दिख रहे हैं।

गौरीगंज विधानसभा सीट के इतिहास में जीत-हार का अंतर कई बार इतना मामूली रहा है, जिसने राजनीतिक विश्लेषकों को भी चौंकाया है। 1991 में भाजपा उम्मीदवार तेजभान सिंह ने महज 189 मतों से चुनाव जीतकर इतिहास रचा था। 1996 में तेजभान सिंह ने एक बार फिर भाजपा के टिकट पर कड़े मुकाबले में 602 वोटों से जीत दर्ज की। 2002 में कांग्रेस प्रत्याशी नूर मोहम्मद ने 267 वोटों के बेहद कम मार्जिन से जीत हासिल की। 2012 में समाजवादी पार्टी ने पहली बार इस सीट पर खाता खोला, जब उसके प्रत्याशी राकेश प्रताप सिंह ने मात्र 503 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की। गौरीगंज की जनता का मिजाज ऐसा रहा है कि यहां अधिकांश नेताओं को दूसरी बार का मौका आसानी से नहीं मिला। गौरीगंज सीट के चुनावी इतिहास में केवल तीन ही चेहरे ऐसे रहे हैं, जिन्होंने एक से अधिक बार विधायक बनने का गौरव प्राप्त किया है:

राजपती देवी (कांग्रेस):

सबसे अधिक 5 बार चुनाव जीतकर इतिहास बनाया।

तेजभान सिंह:

कुल 4 बार (3 बार भाजपा और 1 बार जनता पार्टी के सिंबल पर) विधायक रहे।

राकेश प्रताप सिंह (सपा):

लगातार 3 बार (2012, 2017 और 2022) जीत दर्ज कर अपनी मजबूत राजनीतिक पकड़ साबित की।

# ओवैसी को साथ ना लेने से क्या इण्डिया ब्लॉक को यूपी में होगा नुकसान? आंकड़े समझिए



( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊः** हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने हाल ही में कहा कि वे 2027 के उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनावों के लिए समाजवादी पार्टी के साथ हाथ मिलाने को तैयार हैं। उन्होंने कहा, 'आज बात करने का समय है। चुनाव खत्म होने के बाद रोना मत।' उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन नहीं चाहती कि बीजेपी उत्तर प्रदेश में फिर से सरकार बनाए। ओवैसी भारतीय जनता पार्टी का विरोध कर रहे हैं और उनके वक्तव्यों में एआईएमआईएम का संकल्प साफ दिख रहा है। हालांकि पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव में उनका पार्टी को बीजेपी की 'बी टीम' का लेबल मिलने की वजह से यूपी के चुनाव में उनकी पार्टी के इंडिया गठबंधन का हिस्सा बनने की संभावनाओं पर असर पड़ने की आशंका है। ओवैसी पर अक्सर बीजेपी की 'बी-टीम' का ठप्पा लगा जाता है। एक राजनीतिक टिप्पणीकार ने कहा, 'ऐसे हालात में, ज्यादा संभावना इस बात की है कि ओवैसी छोटी पार्टियों के गठबंधन का नेतृत्व करें और इंडिया गठबंधन के साथ चुनाव से पहले सीट-शेयरिंग समझौता करें, ताकि नतीजे आने के बाद यदि बीजेपी सत्ता से बाहर होती है तो वे सरकार का हिस्सा बन सकें।' यूपी में ओवैसी के इंडिया गठबंधन में शामिल होने की संभावना पर एक घटना ने काफी असर डाला। बंगाल में एआईएमआईएम ने टीएमसी से निकाले गए विधायक हुमायूं कबीर की 'आम जनता उन्नयन पार्टी' (छुक्क) से हाथ मिला लिया था। यदि ऐसा न होता तो यूपी में ओवैसी के सपा से हाथ मिलाने पर कोई असर नहीं पड़ता। एआईएमआईएम के सामने मुश्किल तब खड़ी हुई जब हुमायूं कबीर का एक 'स्टिंग वीडियो' सामने आया, जिसमें वे कथित तौर पर बीजेपी के साथ अपने संबंधों और चुनाव से जुड़ी डील के तहत 1000 करोड़ रुपये की मांग के बारे में डींगें मारते हुए सुने गए। यह स्टिंग वीडियो वायरल होने के बाद ओवैसी ने पश्चिम बंगाल में अपना वह कैंपेन प्लान रद्द कर दिया जिसमें उन्हें कबीर के साथ मंच साझा करना था। एआईएमआईएम ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'हुमायूं कबीर के खुलासों से पता चला है कि बंगाल के मुसलमान कितने असुरक्षित हैं। एआईएमआईएम ऐसे किसी भी बयान का समर्थन नहीं कर सकती जिससे मुसलमानों की ईमानदारी पर सवाल उठे। एआईएमआईएम ने कबीर की पार्टी के साथ अपना गठबंधन खत्म कर लिया है।' बिहार के पिछले विधानसभा चुनावों में एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष अख्तरुल ईमान ने लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव को कई पत्र लिखे थे, लेकिन गठबंधन नहीं हो पाया था। दोनों पक्षों के बीच भरोसे की कमी थी। यह स्थित 2020 के चुनावों के बाद की घटनाओं से बनी थी। साल 2020 के चुनावों में जीते एआईएमआईएम के पांच में से चार विधायक 2022 में आरजेडी में शामिल हो गए थे। आखिरकार, बिहार के 2025 के चुनाव में ओवैसी ने 28 सीटों पर चुनाव लड़ा और पांच सीटें जीतीं। आरजेडी के नेतृत्व वाले महागठबंधन ने कई सीटों पर अपनी हार के लिए एआईएमआईएम को जिम्मेदार ठहराया। कई सीटों पर बीजेपी की जीत का अंतर उन वोटों से कम था जो कथित तौर पर एआईएमआईएम ने महागठबंधन से अपनी ओर खींचे थे। इसी संदर्भ में ओवैसी ने हाल ही में इंडिया गठबंधन से कहा है कि वे अभी गठबंधन पर बात कर लें, वरना बाद में एआईएमआईएम को दोष न दें।

# मौसम की बेरूखी एवं विधुत आपूर्ती न होने से किसानो की सूख रही धान की फसले







## -पीड़ित किसानो ने एसडीएम को प्रार्थनापत्र देकर विधुत व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** तहसील क्षेत्र में बिजली संकट और बारिश की कमी ने धान किसानों की चिंता बढ़ा दी है। खेतों में लगी धान की फसल पर्याप्त सिंचाई न मिलने से सूखने लगी है। बिजली आपूर्ति बाधित होने के कारण किसानों के नलकूप नहीं चल पा रहे हैं, जिससे किसानो को फसल बचाना मुश्किल हो गया है। सोमवार को बड़ी संख्या में किसानों ने उपजिलाधिकारी अभिनव कुमार यादव को प्रार्थनापत्र देकर नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कराने की मांग की थी। किसानों ने बताया कि इस वर्ष अच्छी पैदावार की उम्मीद में उन्होंने बड़े पैमाने पर धान की खेती की थी, लेकिन न तो समय पर बारिश हो रही है और न ही पर्याप्त बिजली मिल पा रही है। ग्राम अटा और भदेवरा में तकरीबन 12 सौ बीघा बीघा तथा कौशलपुर, मंगरा, परेथा, पहाड़गांव, भेपता, कमतरी, बदनपुरा मौजा, मेहलुआ, टोपोर, नरी, ज़रा, धनौरा, जुझारपुरा और चचेडा सहित अन्य गांवों में लगभग 1 हजार बीघा भूमि पर धान की फसल लगी हुई है जो सिंचाई के अभाव में प्रभावित हो रही है।तथा सूखने की कगार पर है। किसान आशीष कुमार, सुभाष पटेल, मनोज, सौरभ पटेल, अनिल कुमार, नरेश, राजू और भगतराम रावत ने बताया कि उन्हें 24 घंटे में केवल 2 से 4 घंटे ही बिजली मिल पा रही है, जिससे नलकूप नहीं चल रहे हैं। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि कृषि कार्य के लिए पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराई जाए, ताकि उनकी फसल बचाई जा सके और उन्हें आर्थिक नुकसान से राहत मिल सके।किसान प्रदीप निरंजन धनौरा ने कहा कि एक तरफ तो मौसम की बेरुखी के कारण वर्षा नही हो रही है वही दूसरी तरफ पर्याप्त बिजली न आने के कारण धान की फसले पूरी तरह से बर्बाद हो रही है।वही ग्राम जुझारपुरा निवासी किसान बृजेश पटेल ने कहा कि किसानो की हजारो एकड जमीन में धान की फसल खडी है लेकिन समय से पानी न मिलने से वह सूख रही है।उनका कहना बारिश न होने से तो किसान चिंतित है लेकिन पर्याप्त बिजली न मिलने से किसान आक्रोशित है उनका कहना है अगर बिजली ठीक ठाक मिलने लगे तो बोरिंग से पानी लगाकर फसल को बचाया जा सकता है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता ने की जीवन लीला समाप्त , चर्चा है कि पति के वियोग में पत्नी ने त्यागे हैं प्राण

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अमगुवां में पत्नी के न आने से परेशान पति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बता दे कि शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अमगुवां निवासी 25 वर्षीय राजेश यादव गांव में मजदूरी करने के साथ पिता मानसिंह का खेती करने में हाथ बंटाता था। बताया गया है कि ह्द्धद्धजान द्धजालौन निवासी शालिनी के साथ हुई थी। शादी के कुछ महीने बाद शालिनी मायके चली गई फिर राजेश उसे लिवाने गया तो एक दो बार वह आई इसके बाद तीन साल से वह ससुराल नहीं आ रही थी। इससे राजेश परेशान रहने लगा था, और सोमवार की रात को उसने अपने कमरे में फंदा लगाकर ह्द्धद्धजान दे दी। सुबह पिता ने उसे फंदे पर लटका देखा तो पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही फैक्ट्री एरिया चौकी प्रभारी शिवम सिंह ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और जांच पड़ताल के बाद पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। वहीं पुत्र की मौत से मां कमला का रो रोकर बुरा हाल है।

## पुलिस ने वारंटी को दबोचा

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** कोतवाली पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया। पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक ईशान सोनी के निर्देशन में वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने दबिश देकर वारंटी आकाश शाहू पुत्र परमेश्वरी निवासी ग्राम बसोव को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। आकाश के विरुद्ध वर्ष 2019 में कोतवाली में धारा 380, 411, 457 में मुकदमा दर्ज किया गया था और मुकदमे में न्यायालय में होने वाली तारीखों से वह लगातार गैरहाजिर चल रहा था जिसके चलते न्यायालय ने उसके खिलाफ वारंट जारी किया था।

## मिट्टी का टीला धंसने से किसान की मौत

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** एट थाना क्षेत्र में नहर में पड़ा पानी का पाइप सही करते समय मिट्टी का टीला धंस गया। जिसके मलबे में दबकर किसान की मौत हो गई। बता दे कि एट थाना ग्राम सेवड़ी निवासी श्याम बिहारी 55 वर्ष पुत्र बद्री प्रसाद यादव मंगलवार दोपहर हमीरपुर साखा नहर से खेत की तरफ जा रहे पाइप की मिट्टी निकाल रहे थे। नहर के अंदर काम करते समय अचानक ऊपर लगा मिट्टी का टीला भरभराकर श्याम बिहारी के ऊपर गिर गया और मिट्टी में दबने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे ग्रामीण और परिजनों ने कड़ी मशक्कत के बाद मिट्टी हटाकर बाहर निकाला। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और घायल को एंबुलेंस की मदद से तत्काल मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने जांच पड़ताल के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही घर में चीख-पुकार मच गई और पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** कोतवाली क्षेत्र में रिनिया रेलवे क्रॉसिंग पर ट्रेन की चपेट में आने से वृद्धि की मौत हो गई।

बता दे कि सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिमरिया निवासी विजय कुशवाहा 63 वर्ष सोमवार सुबह घर से गुटका लेने के लिए निकले थे और वो किसी तरह उरई की रिनिया रेलवे फाटक पर पहुंच गए। जहां पर शाम के समय वह ट्रेन की चपेट में आ गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने परिजन और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। मृतक के बेटे लोकेंद्र ने बताया कि उनके पिता मानसिक रोग से पीड़ित थे। इसी कारण वह अकेले ही घर से निकल गए थे। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## सरेराह हुई छेड़छाड़ समझौते के बाद बनी चर्चा का विषय

( यंग भारत न्यूज )

**कदौरा।** थाना क्षेत्र में हाईवे पर मंगलवार दोपहर सरेराह हुई छेड़खानी की घटना चर्चा का विषय बनी हुई है। आरोप है कि नशे में धुत बाइक सवार युवकों ने रिक्शे से जा रही युवती के साथ दुपट्टा खींचकर छेड़छाड़ की।

पीड़ित परिवार के अनुसार युवती के परिजन उसे रिक्शे से लेकर कदौरा जा रहे थे। इसी दौरान बबीना पंप से सोनी पंप तक बाइक सवार युवकों ने रिक्शे का पीछा किया। आरोप है कि युवकों ने युवती का दुपट्टा खींचकर छेड़खानी की। जब रिक्शा चालक ने विरोध किया तो बाइक सवारों ने उसे बेरहमी से पीटा। पुलिस से शिकायत की सूचना मिलने पर आरोपी कान्हा गौशाला के पास बाइक छोड़कर फरार हो गए। मामला थाने पहुंचा तो युवती के पिता ने सुलहनामा कर लिया और लिखित में दिया कि वह कोई कानूनी कार्रवाई नहीं चाहता। थानाध्यक्ष परमेंद्र सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी, लेकिन जांच से पहले ही वादी ने सुलहकर ली। घटना में युवती पक्ष गांव का बताया जा रहा है, जबकि आरोपी कदौरा कस्बा निवासी हैं। सुलहनामे के कारण आरोप सही थे या गलत यह स्पष्ट नहीं हो सका। अगर पुलिस को तहरीर दी जाती है तो निष्पक्ष कार्रवाई की जाएगी।

## शीघ्र बनकर तैयार होगा मालगोदाम नापतोल की गयी

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** रेलवे स्टेशन कोंच को बहु आयामी बनाने की दिशा में जो काम प्रस्तावित हैं उनके निर्माण में तेजी आई है। खासतौर पर रेलवे मालगोदाम के निर्माण कार्य ने गति पकड़ ली है। नई माल लाइन के चालू होने के बाद अब परियोजना के अगले चरण के तहत संपर्क मार्ग के निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। रेलवे विभाग की ओर से नई लाइन के किनारे प्रस्तावित सीसी सड़क के लिए नापजोख और लेवलिंग का कार्य कराया गया।

रेलवे स्टेशन के सामने मंडी परिसर की ओर विकसित किए जा रहे मालगोदाम के निर्माण के लिए विभिन्न कार्य चरणबद्ध तरीके से पूरे किए जा रहे हैं। इससे पहले मालगाड़ियों की आवाजाही के लिए बिछाई गई नई लाइन को मुख्य रेल लाइन से जोड़कर चालू किया जा चुका है। निर्माण कार्य से जुड़े इंजीनियर प्रकाश कुमार ने बताया कि कंजड़ बाबा मंदिर की ओर से नई माल लाइन के समानांतर करीब 500 मीटर लंबी और लगभग 20 फीट चौड़ी सीसी सड़क बनाई जाएगी। इसके साथ माल की लोडिंग और अनलोडिंग के लिए प्लेटफॉर्म भी तैयार किया जाएगा। ठेकेदार सौरभ साहू ने बताया कि फिलहाल सड़क निर्माण से पहले भूमि की लेवलिंग और अन्य तकनीकी तैयारियां की जा रही हैं।

## सीएचसी के इंजेक्शन कक्ष में निकला जहरीला सांप

### -रात्रि में तैनात स्वास्थ्य कर्मियो में मचा हड़कंप



( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार की देर रात उस समय हड़कंप मच गया जब अस्पताल के कमरा नंबर-1 इंजेक्शन कक्ष में अचानक एक जहरीला साँप निकल आया। उस समय ड्यूटी पर मौजूद स्वास्थ्यकर्मी अपने नियमित कार्यों में व्यस्त थे।तभी अचानक साँप दिखाई देने से कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, इंजेक्शन कक्ष में साँप दिखाई देते ही कर्मचारियों ने तत्काल मरीजों और अन्य लोगों को सुरक्षित किया। घटना की सूचना अस्पताल प्रशासन को दी गई, जिसके बाद साँप को बाहर निकालने के प्रयास शुरू किए गए।हालांकि इस घटना में किसी कर्मचारी या मरीज को कोई नुकसान नहीं पहुंचा, लेकिन अस्पताल परिसर में साँप निकलने की घटना ने सुरक्षा व्यवस्था और साफ-सफाई को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। कर्मचारियों का कहना है कि बरसात के मौसम में अस्पताल परिसर में झाड़-झंखाड़ और जलभराव के कारण अक्सर जहरीले जीव-जंतु निकलने का खतरा बना रहता है।अस्पताल प्रभारी अनिल शाक्य ने कर्मचारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं और परिसर की साफ-सफाई के साथ आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित कराने की बात कही है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## 06 अगस्त को प्रातः 11:00 बजे इंदिरा स्टेडियम में अधिकारी कर्मचारी की खेल प्रतियोगिताएं होंगी

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** क्रीड़ा अधिकारी शैलेन्द्र कुशवाहा ने बताया कि जनपद के समस्त राजकीय अधिकारी / कर्मचारियों को सूचित किया जाता है कि खेल निदेशालय उ0प्र0 लखनऊ के द्वारा वर्ष 2026-27 हेतु निर्धारित सिविल सर्विसेज चयन ट्रायल्स कार्यक्रम के अनुक्रम में जिला खेल कार्यालय, उरई के तत्वाधान में दिनांक 06 अगस्त 2026 को प्रात: 11.00 बजे से राज्य कर्मचारी/अधिकारीयों के विभिन्न खेलो (टेनिस, बालीवाल, तैराकी, बास्केटबाल, बैडमिन्टन टेबुल टेनिस, कबड्डी, शतरंज, भारोत्तोलन एण्ड बेस्टफिजिक, एथलेटिक्स, फुटवाल, कैरम बिज, कुश्ती, पावरलिफि ?टिंग, क्रिकेट, हॉकी, खो-खो एवं योगासन) में जनपद स्तरीय चयन / ट्रायल्स फिजीकल एवं स्किल टेस्ट के आधार पर सम्पन्न होगे।अतएव राजकीय अधिकारी / कर्मचारी खिलाडी (आटोनोमनस बाडी पुलिस विभाग एवं शिक्षा विभाग को छोडकर) उक्त खेलों की जिला स्तरीय चयन / ट्रायल्स में भाग लेना चाहते है वह अपने कार्यालय के सक्षम अधिकारी के अनुमति पत्र में निम्न सूचना (खिलाडी का नाम आई.डी.नं. सहित, खेल का नाम जन्म तिथि, विभाग का नाम जहां सेवारत है, सेवा में आने की तिथि एवं वर्तमान तैनाती की तिथि, सेवा का प्रकार नियमित / दैनिक भोगी, विभाग पूर्ण सरकारी विभाग है अथवा आटोनामस / ऑगनाइजेशन) के साथ इन्दिरा स्टेडियम, उरई पर दिनांक 06 अगस्त 2026 को प्रात: 11.00 बजे इन्दिरा स्टेडियम उरई पर उपस्थित होकर प्रतिभाग करने का कष्ट करे। सिविल सर्विसेज चयन ट्रायल्स में पूर्ण रूप से सरकारी कर्मचारी ही भाग लेगे। जिला/मण्डल/प्रदेश स्तरीय ट्रायल्स में प्रतिभाग करने वाले सरकारी खिलाडी अधिकारी/कर्मचारी को ड्यूटी पर माना जायेगा तथा इनके यात्रा यात्रा आदि का भुगतान उनके विभाग द्वारा किया जायेगा।

## व्यापारी संवाद' कार्यक्रम में व्यापार और व्यापरियों से जुड़ी समस्याओं पर हुआ मंथन



( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** स्थानीय एसबीडीएम इंटर कॉलेज में मंगलवार को भाजपा के जिला मंत्री धीरज बाथम की अध्यक्षता में 'व्यापारी संवाद' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में व्यापार से जुड़ी समस्याओं को उठाया गया। बैठक के दौरान व्यापारियों ने सबसे प्रमुख मुद्दा खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्यशैली को बताया। व्यापारियों का आरोप था कि फूड इंस्पेक्टर द्वारा एक ही व्यापारी के एक ही दिन में दो-दो चालान किए जा रहे हैं, जिससे छोटे और मध्यम वर्ग के व्यापारियों का उत्पीड़न हो रहा है। उन्होंने कहा कि कार्रवाई नियमों के तहत होनी चाहिए, लेकिन अनावश्यक दबाव और बार-बार की कार्रवाई से व्यापार प्रभावित हो रहा है। व्यापारियों ने प्रशासन से इस मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। इसके अलावा बाजार क्षेत्र में नालियों की समस्या को उठाया गया। व्यापारियों ने बताया कि दुकानों के सामने नालियों पर रखे पत्थर अतिक्रमण अभियान के दौरान जबरन हटवा दिए गए थे। जिससे ग्राहकों, बच्चों और बुजुर्गों को नाली पार करके दुकान पर आने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने नगर प्रशासन से नालियों की उचित व्यवस्था कराने की मांग की। व्यापारियों की समस्याओं पर भाजपा जिला मंत्री धीरज बाथम ने तत्काल एसडीएम राकेश कुमार सोनी से दूरभाष पर वार्ता कर व्यापारियों की समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने फूड इंस्पेक्टर की कार्यप्रणाली पर व्यापारियों की आपत्तियां रखते हुए आवश्यक कार्रवाई का की बात कही। अंत में जिला मंत्री ने बताया कि एसडीएम ने अवगत कराया है कि व्यापारी अपनी सुविधा के लिए नालियों पर पत्थर रख सकते हैं, लेकिन किसी भी स्थिति में सड़क या सार्वजनिक स्थान पर अतिक्रमण नहीं होना चाहिए। जिसके बाद व्यापारियों ने संतोष व्यक्त किया। बैठक के अंत में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सभी व्यापारी एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर आपसी समन्वय बनाए रखेंगे। भविष्य में यदि किसी भी व्यापारी को प्रशासनिक अथवा अन्य किसी प्रकार की समस्या आती है तो सूचना मिलते ही सभी व्यापारी एकजुट होकर उसका सहयोग करेंगे। इस मौके पर शिवशंकर, गोलू, रामजी गुप्ता, उत्तम शिवहरे, रामसिया साहू, धीरेंद्र साहू, राशिद खान, नदीम, राकेश गुप्ता, सुशील प्रजापति, सुरेश प्रजापति आदि रहे।

## बिजली कर्मचारियो की हड़ताल से कार्य प्रभावित, केवल आपातकालीन सेवाए जारी



( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** बिजली विभाग के आउटसोर्स कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल शुरू कर दी। हड़ताल के चलते इमरजेंसी सेवाओं को छोड़कर विभाग के अधिकांश कार्य पूरी तरह ठप पडें है। बड़ी संख्या में कर्मचारी लखनऊ स्थित शक्ति भवन में आयोजित प्रदेशव्यापी धरना-प्रदर्शन में शामिल होने पहुंचे, जबकि जो कर्मचारी वहां नहीं जा सके, उन्होंने अपने-अपने कार्यस्थलों पर रहकर हड़ताल का समर्थन किया।कर्मचारियों का आरोप है कि उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन प्रबंधन वर्षों से कार्यरत हजारों अनुभवी आउटसोर्स कर्मचारियों को हटाने, बकाया वेतन का भुगतान न करने, कार्य के अनुरूप अनुबंध लागू न करने तथा 18 हजार मासिक वेतन निर्धारित न करने जैसी मांगों की लगातार अनदेखी कर रहा है। इसके अलावा श्रम कानूनों के उल्लंघन, ईपीएफ से जुड़े मामलों में कार्रवाई न होने, दुर्घटनाओं पर प्रभावी रोकथाम नहीं होने तथा पूर्व में हुई वार्ताओं और समझौतों का पालन न करने का भी आरोप लगाया गया है।जिलाध्यक्ष शिवम सिंह चौहान ने बताया कि मांगों के समाधान के लिए पहले भी प्रबंधन से वार्ता हुई थी लेकिन सहमति बनने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसी के विरोध में संगठन ने आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें शीघ्र नहीं मानी गईं तो आगामी दिनों में आंदोलन और व्यापक किया जाएगा।इस मौके पर विधुत कर्मचारी प्रदीप झा, कन्हैया, प्रदीप सिंह, दिनेश कुशवाहा, सूरज सिंह, राहुल, दीपक पांचाल, हरि सिंह, अरविंद ,राजकुमार सहित तमाम कर्मचारी मौजूद रहे।

## अचानक कुत्ता आ जाने से बाइक सवार युवक गिराकर घायल,सीएचसी में भर्ती

( यंग भारत न्यूज )



**कों**च मंगलवार सुबह एक सड़क हादसे में 55 वर्षीय बाइक सवार बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि सड़क पर अचानक एक कुत्ता आ जाने से उनकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई, जिससे वह सड़क पर गिर पड़े जिससे उनको गंभीर चोटें आईं। राहगीरों और परिजनों की मदद से उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार किया गया।जानकारी के अनुसार शंभुदयाल वर्मा उम्र 55 वर्ष पुत्र रामकिशुन वर्मा, निवासी ग्राम छानी अपने भाई की त्रयोदशी कार्यक्रम के लिए कोंच सब्जी मंडी में सब्जी  खरीदने जा रहे थे।जब वह ग्राम पचीपुरी के आगे मंलगा पुल के पास पहुंचे, तभी अचानक एक कुत्ता उनकी बाइक के सामने आ गया। कुत्ते को बचाने के प्रयास में बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर गिर पड़े।हादसे के समय पीछे से आ रहे उनके कुछ परिजनों ने उन्हें घायल अवस्था में देखा और तुरंत एंबुलेंस की सहायता से सीएचसी कोंच पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार किया।

## आधा दर्जन बच्चें चूहा मार दवा को खाकर हुए अचेत

### चूर्ण के धोखे में बच्चें चाट गए चूहा मार दवा

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी जालौन 28 जुलाई।** 3 वर्षीय अशराज पुत्र जगतपाल 5 वर्षीय नैंनसी पुत्री जगतपाल 4 वर्षीय हरिश्चंद्र पुत्र सुनील 6 वर्षीय राधा पुत्री राजेंद्र 4 वर्षीय पवन पाल पुत्र मनीष 4 वर्षीय आरती पुत्री राजेंद्र 4 वर्षीय चांदनी पुत्री राजेंद्र निवासी गण हीरापुर सभी साथ मासूम बच्चे सोमवार की शाम पड़ोसी बाहर दरवाजे में खेल रहे थे उसी समय कहीं से चूर्ण के बहाने रखी हुई चूहा मार दवा को लाकर सभी ने उसको प्रसाद की तरह जमकर खाकर हालत बिगड़ी वही रात को मासूम बच्चों के अभिभावक बिगड़ी हुई हालत में पड़े बच्चों को उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में इलाज हेतु भर्ती कराया अस्पताल में मौजूद चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आदर्श गौतम ने सभी बीमार मासूम बच्चों को अलग-अलग समय में जांच की जांच दौरान स्थिति नाजुक पाई जाने पर प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल उरई रिफर किया।

# व्यापारियों और उद्यमियों की समस्याओं पर डीएम सख्त, लापरवाही पर ईओ एवं सिटी मजिस्ट्रेट को नोटिस जारी कर वेतन रोका

**- सब्जी मंडी स्थानांतरण की प्रक्रिया को तेज करने के निर्देश ,**

**- सड़क चौड़ीकरण, अतिक्रमण हटाने और औद्योगिक समस्याओं के समाधान के दिए समयबद्ध निर्देश**



( यंग भारत न्यूज )

**उरई ।** जनपद के व्यापारियों एवं उद्यमियों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में जिला व्यापार बंधु एवं जिला उद्योग बंधु की संयुक्त बैठक की। बैठक में व्यापारियों और उद्योग प्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए विभिन्न मुद्दों पर गंभीरता से चर्चा करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए।

व्यापार बंधुओं ने मोनी मंदिर से आगे स्थित सब्जी मंडी क्षेत्र में अत्यधिक भीड़ एवं जाम की समस्या उठाई। इस पर जिलाधिकारी ने पाया कि अधिशासी अधिकारी सिटी मजिस्ट्रेट द्वारा अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई ना करने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिशासी अधिकारी एवं सिटी मजिस्ट्रेट को कारण बताओ नोटिस जारी कर वेतन रोक दिया और समय पर कार्यवाही ना करने पर को प्रतिकूल संज्ञान लिए जाने के निर्देश दिए गए ।जिलाधिकारी द्वारा यह भी निर्देश दिए गए कि एक माह के भीतर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के समीप उपलब्ध भूमि का निरीक्षण कर वहां नई सब्जी मंडी स्थापित करने के लिए आधारभूत ढांचा विकसित करने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए। राठ रोड ओवरब्रिज से हाईवे तक सड़क के संकीर्ण होने की समस्या पर जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को सड़क चौड़ीकरण का विस्तृत आगणन तैयार कर शासन को भेज दिया गया है स्वीकृत प्राप्त होने पर तत्काल कारवाही प्रारंभ करने के निर्देश दिए। वहीं कालपी के टरनलगंज बाजार में अतिक्रमण की समस्या पर अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका कालपी को प्रतिदिन अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाओ अभियान को पुनः शुरू करने के निर्देश दिए। जिला परिषद परिसर में सामुदायिक शौचालय निर्माण की मांग पर जिलाधिकारी ने नगर पालिका उरई के अधिशासी अधिकारी को एक माह के भीतर प्रक्रिया पूरी कर निर्माण कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। ईओ और सिटी मजिस्ट्रेट द्वारा बताया गया कि घंटाघर से भगत सिंह चौराहे तक नाले को अतिक्रमण मुक्त कर सफाई कराने संबंधी शिकायत पर बताया गया कि अभियान चलाकर उक्त क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त करा दिया गया है, जिस पर इस बिंदु का निस्तारण कर दिया गया। जिलाधिकारी ने जिला स्तरीय व्यापार बंधु के उपायुक्त सचिव अमित यादव को फटकार लगाते हुए निर्देश दिए कि व्यापार से जुड़ी समस्याओं के समाधान में सक्रिय भूमिका निभाएं, संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित करें तथा प्रत्येक प्रकरण का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित कराएं। इसके उपरांत आयोजित जिला उद्योग बंधु की बैठक में निवेश मित्र पोर्टल पर समयसीमा के बाद लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सभी विभागों को शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने आईटीआई प्राचार्य को अप्रेंटिसशिप योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक प्रशिक्षुओं को नामित करने तथा क्वालिटी पार्क प्रशिक्षण की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कालपी औद्योगिक क्षेत्र तक वैकल्पिक मार्ग के निर्माण संबंधी प्रस्ताव पर लोक निर्माण विभाग को आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया। औद्योगिक क्षेत्र उरई स्थित प्लॉट संख्या एल-18 के प्रकरण में क्षेत्रीय अधिकारी यूपीएसआईडीसी को अगली बैठक से पहले प्रकरण का निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। वहीं जालौन प्रोसेसिंग फेज-2 से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए 15 दिनों के भीतर कार्रवाई कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा गया ।हाथ कागज संघ कालपी के अध्यक्ष नरेंद्र तिवारी ने अत्यधिक बिजली बिलों की समस्या उठाई। इस पर जिलाधिकारी ने दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड को पत्र लिखकर किस्तों में भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई कराने के निर्देश दिए। उरई इंडस्ट्री एसोसिएशन वेलफेयर के अध्यक्ष मनीष गुप्ता द्वारा औद्योगिक क्षेत्र की चौकी के पास क्षतिग्रस्त वाहनों के खड़े रहने की समस्या उठाने पर जिलाधिकारी ने बताया कि डकोर ब्लॉक में अलग वाहन यार्ड विकसित किया जा रहा है, भविष्य में सभी क्षतिग्रस्त वाहनों को वहीं स्थानांतरित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि व्यापार और उद्योग जनपद की आर्थिक प्रगति के प्रमुख आधार हैं। व्यापारियों एवं उद्यमियों की समस्याओं का त्वरित समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सभी लंबित प्रकरणों का निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, उपायुक्त सचिव जिला स्तरीय व्यापार बंधु अमित यादव, उपायुक्त उद्योग धर्मेंद्र भास्कर, आदि अधिकारी सहित उद्योग व व्यापार बंधु मौजूद रहे।

## आधुनिक ब्रूमर मशीन से हाईवे सड़क की सफाई

### दुर्गा मंदिर चौराहे पर उड़ती धूल से मिली राहत

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी -उरई ।** स्थानीय नगर के फोरलेन हाईवे स्थित दुर्गा मंदिर चौराहे पर लंबे समय से सड़क पर जमा डस्ट, धूल तथा मिट्टी की समस्या को देखते हुए मंगलवार को राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की कार्यदायी संस्था ने आधुनिक ब्रूमर मशीन से विशेष सफाई अभियान चलाया। सफाई के बाद श्रद्धालुओं, स्थानीय नागरिकों और राहगीरों ने राहत महसूस की।

मालूम हो कि यमुना पुल पर मरम्मत कार्य के दौरान करीब दो माह तक रूट डायवर्जन के कारण वाहनों का आवागमन एक ही पुल से कराया गया था। इस दौरान कार्यदायी संस्था द्वारा हाईवे के मध्य भाग में पत्थरों के बोल्डर लगाए गए थे। मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद भी सड़क पर जमा धूल और मिट्टी की सफाई नहीं होने से तेज रफ्तार वाहनों के गुजरने पर दुर्गा मंदिर चौराहे पर धूल का गुबार उड़ता था, जिससे आसपास के दुकानदारों, श्रद्धालुओं और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। नागरिकों की शिकायतों के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के शीर्ष अधिकारी उत्तम सिंह के निर्देश पर प्रबंधक इंगलेश शर्मा की देखरेख में आधुनिक ब्रूमर मशीन से हाईवे की सफाई कराई गई। सफाई अभियान के बाद सड़क पर उड़ने वाली धूल में काफी कमी आई, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारी उत्तम सिंह ने बताया कि सड़क को पूरी तरह सुचारु और सुरक्षित बनाने के लिए शीघ्र ही संबंधित स्थान पर डामरीकरण का कार्य भी कराया जाएगा।

## यमुना बालू खनन परियोजना पर पर्यावरणीय जनसुनवाई सम्पन्न

( यंग भारत न्यूज )



**कालपी** -उरई। मंगलवार को उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड झांसी एवं एनवायरमेंटल रिसर्च एंड एनालिसिस के संयुक्त तत्वावधान में तहसील सभागार कालपी में यमुना नदी की बालू खनन परियोजना को लेकर पर्यावरणीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी विनय कुमार मौर्य ने की। तहसील सभाकक्ष कालपी में आयोजित जनसुनवाई में उपजिलाधिकारी विनय कुमार मौर्य ने कहा कि विकास कार्यों के साथ पर्यावरण संरक्षण एवं प्राकृतिक संसाधनों का संतुलन बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि खनन कार्य पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के निर्धारित मानकों के अनुरूप ही किए जाने चाहिए, जिससे पर्यावरण को किसी प्रकार की क्षति न पहुंचे ।लोक सुनवाई में परियोजना प्रस्तावक अमृत फॉस्फेट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से त्रिलोक सिंह राठौड़ ने ग्राम हीरापुर स्थित गाटा संख्या 169/9, खंड संख्या-6 में प्रस्तावित बालू खनन परियोजना का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। प्रस्ताव के अनुसार 15 हेक्टेयर क्षेत्रफल में छह माह की अवधि में 1.20 लाख घन मीटर मोरम खनन का प्रस्ताव है। विदित हो कि पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना के तहत पर्यावरणीय स्वीकृति की प्रक्रिया के अंतर्गत यह लोक सुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी तथा क्षेत्रीय नागरिक शामिल रहे।

## जिला कारागार का डीएम-एसपी ने किया औचक निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था और बंदियों की सुविधाओं का लिया जायजा

### सुरक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यवस्थाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के दिए निर्देश

( यंग भारत न्यूज )



**उरई.**कानून व्यवस्था एवं कारागार प्रशासन को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने मंगलवार को जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कारागार की सुरक्षा व्यवस्था, बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं, स्वच्छता, भोजन व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाओं तथा अभिलेखों का गहनता से निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कारागार परिसर की साफ-सफाई, बैरकों की स्थिति, रसोईघर, चिकित्सालय, पेयजल व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने बंदियों को शासन की मंशा के अनुरूप सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा स्वच्छ एवं अनुशासित वातावरण बनाए रखने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने कारागार की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए प्रवेश द्वार, निगरानी व्यवस्था, सुरक्षा उपकरणों एवं ड्यूटी पर तैनात कार्मिकों की सतर्कता का परीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरतने तथा निर्धारित सुरक्षा मानकों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जेल अधीक्षक प्रशांत मौर्य, जेलर सहित आदि मौजूद रहे।

## गाली-गलौज व मारपीट के मामले में नामजद समेत पांच आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी -उरई ।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला तरीबुल्दा में एक युवक के साथ गाली-गलौज, मारपीट तथा जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने तीन नामजद एवं दो अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

उक्त मामले को लेकर वादी अभी निषाद पुत्र राम सिंह निषाद निवासी मुहल्ला तरीबुल्दा ने कोतवाली कालपी में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह तहसील से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान जीसीआर स्कूल के समीप पहले से घात लगाए बैठे सरजेंद्र, बाल सिंह एवं विकास, निवासी मोहल्ला तरीबुल्दा, तथा दो अज्ञात व्यक्तियों ने उसे रास्ते में रोक लिया और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर सभी आरोपियों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी तथा सिर पर दो बार प्रहार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। और उसके सिर से खून निकलने लगा। इसी दौरान आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर नामजदों समेत पांच आरोपियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

## जनसुनवाई में जिलाधिकारी ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं, त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश

### दूर-दराज से पहुंचे लोगों की शिकायतों को गंभीरता से सुनकर संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश

( यंग भारत न्यूज )



**उरई।** जनपद में आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने अपने कार्यालय कक्ष में जनसुनवाई के दौरान सुबह से ही दूर-दराज क्षेत्रों से आए फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। उन्होंने प्रत्येक प्रार्थना पत्र का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का समयबद्ध, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान भूमि विवाद, राजस्व, पुलिस, विद्युत, पेयजल, विकास कार्यों, पेंशन, आवास तथा अन्य विभागों से संबंधित विभिन्न शिकायतें प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक शिकायत का स्थलीय परीक्षण कर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है और प्रत्येक अधिकारी का दायित्व है कि वह जनता की समस्याओं के समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता दे। किसी भी शिकायत के निस्तारण में लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब बर्दास्त नहीं किया जाएगा। शिकायतों का निस्तारण पारदर्शिता, संवेदनशीलता एवं गुणवत्ता के साथ किया जाए।

## पुलिस की प्रभावी पैरवी से अभियुक्त को दो वर्ष का कारावास, 5,000 का अर्थदंड

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ।** पुलिस अधीक्षक जालौन के निर्देशन में चलाए जा रहे 'ऑपरेशन कन्विक्शन' अभियान के तहत मॉनिटरिंग सेल एवं कोतवाली उरई पुलिस की प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरूप न्यायालय एडीजे/एफटीसी/एमपी-एमएलए कोर्ट, उरई ने एक अभियुक्त को दोषी ठहराते हुए दो वर्ष के सश्रम कारावास तथा ?5,000 के अर्थदंड से दंडित किया है।

पुलिस के अनुसार अभियुक्त चंद्रेश उर्फ मुन्ना लाल पुत्र मानराज सिंह, निवासी मोहल्ला तुलसीनगर, कोतवाली उरई के विरुद्ध मु.अ.सं. 52/25 के तहत बीएनएस की धारा 2/3 तथा गैंगस्टर एक्ट में मामला दर्ज किया गया था। मामले की सुनवाई के दौरान मॉनिटरिंग सेल एवं कोतवाली उरई पुलिस द्वारा न्यायालय में प्रभावी साक्ष्य एवं पैरवी प्रस्तुत की गई। प्रभावी अभियोजन के आधार पर न्यायालय ने अभियुक्त को दोषसिद्ध करते हुए दो वर्ष के सश्रम कारावास और ?5,000 के अर्थदंड की सजा सुनाई। इस सफल पैरवी में अभियोजन अधिकारी निरीक्षक पंकज, प्रभारी मॉनिटरिंग सेल उपनिरीक्षक परमेश्वर तिवारी, कोर्ट मुंशी हेड कांस्टेबल संदीप कुमार एवं कोर्ट पैरोकार कांस्टेबल राहुल बलियान की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## निःशुल्क पुस्तक एवं शैक्षिक सामग्री वितरण से खिले विद्यार्थियों के चेहरे

( यंग भारत न्यूज )



**कालपी -उरई।** मंगलवार को डॉ. भीमराव अम्बेडकर कमेटी जोल्हूपुर के तत्वावधान में प्राथमिक विद्यालय जोल्हूपुर में छात्र-छात्राओं के लिए निःशुल्क पुस्तक एवं शैक्षिक सामग्री वितरण समारोह का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को कॉपी, पेन, पेंसिल, बॉक्स और बैग वितरित किए गए। आवश्यक अध्ययन सामग्री पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में शिशुपाल मास्टर, रामशंकर, अभिषेक, चंद्रशेखर, डी.पी. सिंह, मनोज विश्वकर्मा, इंजीनियर रूप सिंह, करन पाल (जेई), प्रमोद (जेई) एवं अरविंद सहित अन्य गणमान्य लोगों के अलावा शिक्षक शिक्षिकाओं ने सहभागिता की। इस मौके पर इंजीनियर रूप सिंह ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में कक्षा 1 से 8 तक अध्ययनरत सभी बच्चों को कमेटी द्वारा कॉपी, पेन, पेंसिल, बॉक्स एवं बैग उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है। साथ ही हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों को भी उत्कृष्ट प्रदर्शन पर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समिति का उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना है। सभी सामाजिक सहयोगियों से इस शिक्षा अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील करते हुए कहा कि भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद विद्यार्थी लाभान्वित हो सकें। कार्यक्रम के अंत में आसपास के सभी बच्चों को इस अभियान से जोड़ने और उन्हें विद्यालय तक पहुंचाने का आह्वान किया गया।

## 21 क्वार्टर अवैध देशी शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी -उरई।** क्षेत्राधिकारी राजेश कमल के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए इलाकाई पुलिस ने 21 क्वार्टर अवैध देशी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। पुलिस के सूत्रों के अनुसार थाना तुर्की के उपनिरीक्षक जवाहर सिंह हमराही सोनम पाल के साथ क्षेत्र में शांति व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण के लिए गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम गुढ़ा खुर्द से जलालपुर चिरगुवां जाने वाले मार्ग पर एक व्यक्ति प्लास्टिक की बोरी में अवैध देशी शराब लेकर जा रहा है। सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक सुरेश चंद्र, सुरेंद्र सिंह एवं शिवा सक्सेना को मौके पर बुलाकर पुलिस टीम ने घेराबंदी की। पुलिसकर्मियों ने पीछा कर आरोपी संतराम निवासी ग्राम जलालपुर चिरगुवां को पकड़ लिया। पुलिस ने तलाशी के दौरान उसके कब्जे से प्लास्टिक की बोरी में रखे 21 क्वार्टर अवैध देशी शराब बरामद हुई। पुलिस ने शराब को कब्जे में लेकर आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत विधिक कार्यवाही की है।

# सभी लेखपाल अपने लंबित कार्य को समय से पूरा करें कोई भी कार्य लंबित न रहे-विनय कुमार मौर्य

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी जालौन 28 जुलाई।** नायब तहसीलदार की उपस्थिति में उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता एवं राजस्व निरीक्षक कर्मचारियों की मौजूदगी में लेखपालों की साप्ताहिक बैठक आयोजित कर दिए निर्देश।




मंगलवार के दिन तहसील कालपी के सभागार में आयोजित लेखपाल की बैठक पर उप जिलाधिकारी विनय कुमार मौर्य ने मौजूद सभी लेखपालों के जमकर पेच कसते हुए कहा कि सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से संबंधित एवं राजस्व से संबंधित किसी लेखपाल के पास लंबित कार्य चल रहे हैं वह लेखपाल लंबित कार्यों को समय से पूरा करें कोई भी कार्य लंबित न रहे जैसे आइजीआरएस शीर्ष अधिकारियों के द्वारा भेजे गए शिकायती पत्र तथा अदालत से संबंधित हदबदी कुरा बटवारा खतौनी में अंश भाग में त्रुटियां आदि कार्य जिन लेखपालों के पास कई महीनो से लंबित चल रहे हैं उनको पूरा करें यदि किसी भी लेखपाल ने समय से कार्य को पूरा नहीं किया ऐसे लेखपालों को किसी भी सूरत में बक्सा नहीं जाएगा मुझे हर हाल में राजस्व से संबंधित शत प्रतिशत कार्य चाहिए बैठक में मौजूद नायब तहसीलदार चंद्र मोहन शुक्ला राजस्व निरीक्षक हरेंद्र सिंह चौहान प्रमोद द्विवेदी राजेंद्र सोनी रामचंद्र सदर लेखपाल जितेंद्र सिंह यादव लेखपालों में शिवमंगल पाठक छवीनाथ सिंह पाल जयपाल सिंह पाल विभा अमित यादव अभिषेक राहुल कुमार पल्लवी श्रीवास्तव प्रिया सिंह चौहान जितेंद्र राजपूत विद्यासागर राजकमल आदि लोग मौजूद थे।

# यमुना बालू खनन परियोजना पर 15 हेक्टेयर पर हुई जनसुनवाई

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी जालौन 28 जुलाई।** यमुना नदी में प्रस्तावित बालू खनन परियोजना को लेकर मंगलवार को तहसील सभागार में पर्यावरणीय जनसुनवाई आयोजित की गई। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, झांसी तथा एनवायरमेंटल रिसर्च एंड एनालिसिस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित जनसुनवाई की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी विनय कुमार मौर्य ने की इस दौरान परियोजना से जुड़े तकनीकी पहलुओं की जानकारी साझा की गई तथा उपस्थित लोगों के सुझाव एवं आपत्तियां दर्ज की गईं।



उपजिलाधिकारी विनय कुमार मौर्य ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों के दोहन के साथ पर्यावरण संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए उन्होंने कहा कि किसी भी खनन गतिविधि का संचालन पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों और मानकों के अनुरूप ही किया जाए, जिससे पारिस्थितिकी संतुलन पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। जनसुनवाई के दौरान परियोजना प्रस्तावक अमृत फॉस्फेट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से प्रतिनिधि त्रिलोक सिंह राठौड़ ने ग्राम हीरापुर स्थित गाटा संख्या 169/9, खंड संख्या-6 में प्रस्तावित बालू खनन परियोजना का विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया। उन्होंने बताया कि प्रस्ताव के अनुसार लगभग 15 हेक्टेयर क्षेत्रफल में छह माह की अवधि के दौरान 1.20 लाख घन मीटर बालू (मोरम) के खनन की योजना है।अधिकारियों ने बताया कि पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना के तहत पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान किए जाने से पूर्व जनसुनवाई की प्रक्रिया अनिवार्य है। इसी क्रम में स्थानीय नागरिकों की राय एवं सुझाव प्राप्त करने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया जनसुनवाई में उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी, परियोजना प्रतिनिधि तथा क्षेत्र के नागरिक उपस्थित रहे।

# थोड़ा-थोड़ा टुकड़ों में पढ़ें लेकिन नियमित पढ़ने से ही सफलता मिलती है-विनय कुमार मौर्य

## एसडीम ने मां के नाम एक वृक्ष रोपण कर मौजूद बच्चों से अपने-अपने अभिभावक से एक वृक्ष रोपित कराने में सदैव अग्रसर रहने का दिया गुरु मंत्र

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी जालौन 28 जुलाई।** आज माँ गायत्री विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अदल सराय कालपी में एक वृक्ष माँ के नाम कार्यक्रम में वृक्षारोपण से पूर्व स्कूल के बच्चों से वार्ता करते हुये उप जिलाधिकारी विनय कुमार मौर्य ने बच्चों को सफलता के मूलमंत्र दिये।



उन्होंने कहा कि स्कूल में जो पढ़ाया जाये उसे ध्यान से सुनो और पढ़ो, पढ़ाई एक दम पूरी नहीं होती जिस प्रकार से भूख शांत करने के लिए पूरी रोटी नहीं टुकड़े टुकड़े करके रोटी खाते हैं ठीक उसी तरह पढ़ाई भी टुकड़ों टुकड़ों में पढ़ें लेकिन नियमित पढ़ें उन्होंने कहा कि शब्दावली तेज करने के लिए कहानी या अखबार जरूर पढ़ें घर आता हो तो ठीक वरना पास पड़ोस से लेकर पढ़ें, मौर्य ने अपने जीवन के कई तजुर्बे बच्चों से साझा किये उन्होंने कहा कि बच्चों को रोज पांच पांच मीनिंग विथ शब्दार्थ के रोज लिखकर एक दिन लिखने का गैफ करें और रोज लिखकर याद की हुई मीनिंग उस दिन लिखकर चेक करें बहुत ही गंभीर और हर समस्या का निदान खोजने की मंशा रखने वाले तेज तर्रार उप जिलाधिकारी कालपी विनय कुमार मौर्य ने कहा कि मोबाइल और टी वी एक लिमिट में चलाएँ उसमे ज्यादा समय न दे क्यों कि मोबाइल का ज्यादा उप योग करने से आँख पर बुरा असर पड़ता है और यदि आँख ख़राब हो गई तो कई प्रतियोगी परीक्षाओ में हम पात्रता ही खो देंगे तब तक बहुत देर हो चुकी होगी और हमारे पास पछतावे के सिवाय कुछ नहीं होगा मौके पर विद्यालय के संरक्षक ओ पी सैनी, हर्ष कुमार, मनमोहन,साक्षी, राधिका, राधा करीना सहित पूरा स्टाफ मौजूद रहा।

# सद्गुरू कबीर विज्ञान आश्रम में गुरू पर्णिमा महोत्सव की हुई शुरूआत

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** सद्गुरू कबीर विज्ञान आश्रम में मंगलवार से गुरू पर्णिमा महोत्सव की शुरूआत हो गई है। आश्रम में बाहर से आए संतों के प्रवचन को लोगों ने सुना। नगर के मोहल्ला नया खंडेराव स्थित सद्गुरू कबीर विज्ञान आश्रम में 31वें गुरू पूर्णिमा महोत्सव की शुरूआत मंगलवार से हो गई है। आश्रम परिसर में औरैया, इटावा, कन्नौज, कानपुर देहात, झांसी आदि जनपद से आए संतों ने आश्रम में मौजूद भक्तों को कबीर की शिक्षाओं के बारे में बताया। संत कृष्णा साहेब ने कहा कि गुरु ही शिष्य के जीवन का वास्तविक पथप्रदर्शक होता है। गुरु के आशीर्वाद और ज्ञान से ही व्यक्ति अपने जीवन का उद्देश्य समझ पाता है। संत रघुपत दास ने कहा कि सच्चा गुरु वही है जो मनुष्य को अज्ञान के अंधकार से निकालकर सत्य और आत्मज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाए। कबीर दास के बताए मार्ग पर चलकर ही समाज में वास्तविक शांति और सद्भाव स्थापित किया जा सकता है। सजीवन दास ने कहा गुरु पूर्णिमा केवल गुरु के सम्मान का पर्व नहीं, बल्कि अपने जीवन का आत्ममंथन करने का भी अवसर है। मनुष्य को बाहरी दिखावे से दूर रहकर सद्कर्म, सेवा और सत्संग को अपने जीवन का आधार बनाना चाहिए। अरूण दास ने कहा कि मानव जीवन अत्यंत दुर्लभ है। गुरु के बताए मार्ग पर चलने वाला व्यक्ति हर कठिनाई को सहजता से पार कर सकता है। इस मौके पर अध्यक्ष बृजकिशोर, महंत गुरूप्रसाद दास साहेब, पुजारी सुदरदास साहेब, देंवेंद्र दास, संयम दास, धीरेंद्र कुमार, राजेश साहेब, सोबरन, चरन दास, प्रेमदास आदि राहे।

# चारधाम की पैदल यात्रा पर निकले श्रीमहावीर हनुमान मंदिर, कुठौंदा के पीठाधीश्वर महंत रामेश्वरदास

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** विश्व शांति और मानव कल्याण का संकल्प लेकर चारधाम की पैदल यात्रा पर निकले श्रीमहावीर हनुमान मंदिर, कुठौंदा के पीठाधीश्वर महंत रामेश्वरदास महाराज के 88 दिन बाद यात्रा पूर्ण कर वापस लौटने पर ग्राम बंगरा से लेकर कुठौंदा तक श्रृद्धा, भक्ति और उत्साह का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने जगह जगह बैंड-बाजों, पुष्पवर्षा और माल्यार्पण के साथ उनका भव्य स्वागत किया।



महंत रामेश्वर दास महाराज 24 अप्रैल को ग्राम कुठौंदा स्थित प्राचीन एवं सिद्धपीठ श्रीमहावीर हनुमान मंदिर, से चारधाम की पैदल यात्रा पर निकले थे। उन्होंने बताया कि यात्रा का उद्देश्य विश्व शांति, मानव कल्याण और सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार का संदेश देना था। इस कठिन यात्रा में उनके साथ महंत सत्यनारायण दास, महंत विशंभर दास और संत संतराम पांडेय भी शामिल रहे। करीब 88 दिनों की इस पदयात्रा के दौरान उन्होंने पहाड़ों की कठिन चढ़ाइयों, बारिश, भीषण गर्मी जैसी विषम परिस्थितियों का सामना करते हुए चारों धाम के दर्शन किए। यात्रा पूर्ण होने के बाद उनके आगमन की सूचना मिलते ही श्रद्धालुओं ने स्वागत की तैयारियां शुरू कर दी थीं। बंगरा चौराहा और कुठौंदा में प्रवेश मार्ग को दुल्हन की तरह सजाया गया। बंगरा पहुंचते ही महंत रामेश्वर दास महाराज का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन-अर्चन किया गया। इसके बाद बैंड-बाजों और वाहनों के लंबे काफिले के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। रास्ते भर श्रद्धालु जय श्रीराम और जय हनुमान के उद्घोष करते रहे। श्रीमहावीर हनुमान मंदिर पहुंचकर महंत भावुक हो गए और अपने आराध्य के चरणों में नतमस्तक होकर यात्रा की सफलता के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि धार्मिक यात्राएं केवल तीर्थ दर्शन तक सीमित नहीं होतीं, बल्कि आत्मिक शुद्धि, सेवा, संयम और समाज में सद्भाव का संदेश भी देती हैं। इस मौके पर महेशचंद्र पांडेय, चित्रांगद पांडेय, जुडावन सिंह चौहान, श्यामजी शर्मा, रामनरेश द्विवेदी, दुर्गाचरण हरदैनिया आदि रहे।

# अंडरपास की टूटी स्लैब की मरम्मत से हाईवे पर लगा जाम

## रोडवेज बस ने मीडियन तोड़ा

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** कालपी नगर स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग पर फुलपावर नामक अंडर पास ओवरब्रिज की टूटी स्लैब की मरम्मत का कार्य शुरू होने से यातायात प्रभावित रहा। मरम्मत कार्य के चलते हाईवे पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और कई स्थानों पर जाम की स्थिति बनी रही। जाम में फंसे राहगीरों एवं वाहन चालकों को काफी देर तक परेशानी का सामना करना पड़ा।



मंगलवार की सुबह करीब 9 वजे उरई से कानपुर जा रही उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की एक रोडवेज बस के चालक ने मनमाने ढंग से बस मोड़ने का प्रयास किया, जिससे हाईवे का मीडियन क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद कुछ समय तक यातायात और अधिक बाधित रहा। सूचना मिलने पर पुलिस तथा संबंधित विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और यातायात को सुचारु कराने का प्रयास किया।हाईवे अथॉरिटी के प्रबंधक उत्तम सिंह ने बताया कि अंडरपास की टूटी स्लैब की मरम्मत का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि मौसम अनुकूल रहा तो अगले दो से तीन दिनों में मरम्मत कार्य पूरा कर लिया जाएगा, जिसके बाद आवागमन पूरी तरह सामान्य हो जाएगा। उन्होंने वाहन चालकों से मरम्मत कार्य के दौरान संयम बरतने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की।

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस की तैयारियों की जिलाधिकारी ने की समीक्षा, सम्बंधित अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस (एनडीडी) कार्यक्रम के सफल आयोजन के संबंध में जिला समन्वय समिति (डीसीसीएम) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, बेसिक शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, पंचायती राज, ग्रामीण विकास तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ कार्यक्रम की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि 10 अगस्त को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस तथा 14 अगस्त को आयोजित मॉप-अप दिवस के दौरान 1 से 19 वर्ष आयु वर्ग के प्रत्येक पात्र बच्चे को एल्बेंडाजोल की गोली का सेवन कराया जाए। उन्होंने कहा कि विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों के साथ-साथ स्कूल से बाहर रहने वाले बच्चों तक भी अभियान की शत-प्रतिशत पहुंच सुनिश्चित की जाए, जिससे कोई भी पात्र बच्चा अभियान से वंचित न रहे।उन्होंने संबंधित अधिकारियों को दवा की समय पर उपलब्धता, प्रशिक्षण, व्यापक जनजागरूकता, विभागीय समन्वय एवं निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही अभियान की नियमित निगरानी करते हुए समयबद्ध रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने पर भी विशेष जोर दिया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, मुख्य विकड अधिकारी एच एन प्रसाद, सीएमएस मेडिकल प्रशांत निरजंन, सीएमएस जिला अस्पताल जेजे राम आदि चिकित्सक मौजूद रहे।



# युवती ने सिपाही पर विवाह का झूठा वादा कर लंबे समय तक शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाया

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** सोशल मीडिया पर हुई दोस्ती के बाद एक युवती ने सिपाही पर विवाह का झूठा वादा कर लंबे समय तक शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाया है। मामले में सीओ के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी सिपाही के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

उरई कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली एक युवती ने सीओ अजय कुमार सिंह को दिए शिकायती पत्र में बताया कि दिसंबर 2025 में उसकी पहचान इंस्टाग्राम के माध्यम से औरैया निवासी क्षितिज गौतम से हुई थी। क्षितिज वर्तमान में फर्रुखाबाद जनपद के कादरी गेट थाने में सिपाही के पद पर तैनात है। सोशल मीडिया पर शुरू हुई बातचीत धीरे-धीरे नजदीकियों में बदल गई। युवती का आरोप है कि सिपाही ने उससे प्रेम संबंध स्थापित किए और विवाह करने का भरोसा देकर उसका विश्वास जीत लिया।

आरोप लगाया कि सिपाही ने उसे पहली बार जालौन बुलाकर मुलाकात की। इसके बाद वह उसे कई बार उरई, कानपुर, औरैया, आगरा सहित अन्य शहरों में ले गया। युवती का आरोप है कि हर बार विवाह का आश्वासन देकर उसने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। वह लगातार जल्द शादी करने की बात कहता रहा, जिसके चलते उसने उस पर भरोसा बनाए रखा। कुछ समय पहले सिपाही का व्यवहार अचानक बदल गया। उसने फोन उठाना और बातचीत करना बंद कर दिया। काफी प्रयास के बाद जब उसने जानकारी जुटाई तो पता चला कि सिपाही का रिश्ता किसी दूसरी युवती से तय हो गया है। इसके बाद उसे महसूस हुआ कि विवाह का वादा केवल उसे धोखे में रखने के लिए किया गया। वहीं, मामले में सीओ के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी सिपाही क्षितिज गौतम के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। सीओ अजय कुमार सिंह ने बताया कि युवती की तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है और जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके अनुरूप आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# महिलाओं की शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक सुनकर त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए

## राज्य महिला आयोग सदस्या ने सुनी महिलाओ की शिकायते

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** सदस्य, राज्य महिला आयोग अनुपमा सिंह लोधी ने विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में महिला जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में महिलाओ ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को लेकर पहुंचीं। सदस्य ने महिलाओं की शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा एवं अधिकारों की रक्षा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। किसी भी महिला के साथ अन्याय, उत्पीड़न या भेदभाव की स्थिति में संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए।



उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, पारिवारिक विवाद, संपत्ति संबंधी मामलों तथा अन्य महिला उत्पीड़न से जुड़े प्रकरणों में संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए पीड़ित महिलाओं को शीघ्र न्याय दिलाया जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त प्रत्येक शिकायत का नियमित रूप से अनुश्रवण किया जाए, ताकि किसी भी प्रकरण में अनावश्यक विलंब न हो। माननीय सदस्य ने उपस्थित महिलाओं को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न महिला कल्याणकारी योजनाओं, सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं तथा महिला अधिकारों की जानकारी भी दी। उन्होंने महिलाओं से कहा की कि किसी भी प्रकार की समस्या या उत्पीड़न की स्थिति में वे बिना किसी भय के अपनी शिकायत संबंधित विभागों अथवा राज्य महिला आयोग के समक्ष प्रस्तुत करें। आज सदस्य के समक्ष कुल 12 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिन्हें नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी सहित सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

# दो दिन पूर्व चोरी हुई बाइक के साथ पुलिस ने चोर को पकड़ा

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई।** दो दिन पूर्व चोरी हुई बाइक के साथ पुलिस ने एक युवक को पकड़ा है। युवक के पास से पुलिस ने चोरी की बाइक बरामद कर ली है। पुलिस ने युवक को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

कोतवाली में मामले का खुलासा करते हुए सीओ अजय कुमार सिंह ने बताया कि कोंच कोतवाली क्षेत्र के पटेल नगर निवासी कलीम 26 जुलाई की रात चुर्खी रोड स्थित अक्षदा गार्डन में आयोजित शादी समारोह में आया था। इसी दौरान अज्ञात व्यक्ति ने उसकी बाइक चोरी कर ली थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बाइक चोर की तलाश कर रही थी। सोमवार रात कोतवाल हरिशंकर चंद के नेतृत्व में एसआई शिवम सेंगर व पुलिस टीम रात करीब 11 बजे सारंगपुर मार्ग पर स्थित गुरु मस्तराम आश्रम के पास चेकिंग कर रहे थे। चेकिंग के दौरान पुलिस एक युवक काले रंग की बाइक लाता हुआ दिखा। पुलिस ने रोककर जब कागजात मांगे तो मोहल्ला चिमनदुबे निवासी शिवम चौधरी कोई वैध कागजात नहीं दिखा सका। पूछताछ में पहले तो वह इधर-उधर की बातें करता रहा, लेकिन सख्ती से पूछताछ करने पर उसने कि उसने बाइक अक्षदा गार्डन से चोरी की थी। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर बाइक को कब्जे में ले लिया। आरोपी के खिलाफ कोतवाली में दो मुकदमे पहले से ही दर्ज हैं। पुलिस ने मंगलवार को आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# रात में प्रेमी पहुंचा प्रेमिका की ससुराल, सुबह बैठी पंचायत.फिर कुछ ही मिनटों में बदल गई तीन लोगों की किस्मत

( यंग भारत न्यूज )

बिहार के समस्तीपुर जिले में एक ऐसा मामला सामने आया है जिसने सामाजिक परंपराओं, पंचायत की भूमिका और कानून को लेकर नई बहस छेड़ दी है. शादीशुदा महिला से मिलने पहुंचे उसके पुराने प्रेमी को ग्रामीणों ने पकड़ लिया.

इसके बाद बुलाई गई पंचायत ने दोनों की शादी करा दी. पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. हालांकि, इस फैसले की वैधता और पहले से मौजूद वैवाहिक रिश्तों को लेकर कई गंभीर सवाल उठ रहे हैं. बिहार के समस्तीपुर जिले से सामने आए इस मामले ने पूरे इलाके में चर्चा का विषय बना दिया है. यहां शादीशुदा महिला से मिलने उसके पुराने प्रेमी के पहुंचने पर ग्रामीणों ने दोनों को पकड़ लिया. मामला पंचायत तक पहुंचा तो लोगों को उम्मीद थी कि दोनों को समझाकर अलग रहने की सलाह दी जाएगी, लेकिन पंचायत ने इसके उलट दोनों की शादी कराने का फैसला सुना दिया. इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. हालांकि, पंचायत के इस फैसले ने कानूनी और सामाजिक दोनों स्तर पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं. जानकारी के अनुसार,



खगड़िया जिले की रहने वाली अनुराधा कुमारी की करीब दस वर्ष पहले ताजपुर थाना क्षेत्र के चकपहाड़ निवासी पन्ना लाल यादव से मुलाकात हुई थी. उस समय पन्ना लाल एक विद्यालय में शिक्षक था, जहां अनुराधा पढ़ाई करती थी. इसी दौरान दोनों के बीच प्रेम संबंध शुरू हुए. बाद में परिवार वालों ने पन्ना लाल की शादी किसी अन्य महिला से करा दी, लेकिन इसके बावजूद दोनों के बीच बातचीत और संपर्क बना रहा. समय बीतने के बाद अनुराधा ने समस्तीपुर के सिंघिया खुर्द स्थित एक नर्सिंग कॉलेज में दाखिला लिया. पढ़ाई के दौरान उसकी मुलाकात कॉलेज के कर्मचारी मनोहर कुमार से हुई. दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं और प्रेम संबंध विवाह तक पहुंच गए. करीब छह महीने पहले दोनों ने शादी कर ली. शादी के बाद अनुराधा अपने पति के साथ ससुराल में रहने लगी. बताया जा रहा है कि कुछ समय बाद पन्ना लाल को अनुराधा के समस्तीपुर में रहने की जानकारी मिली. इसके बाद दोनों के बीच फिर मुलाकात और बातचीत का सिलसिला शुरू हो गया. इसकी जानकारी धीरे-धीरे अनुराधा के पति और उसके परिजनों को भी लग गई. आरोप है कि पन्ना लाल देर रात अनुराधा से मिलने उसके ससुराल पहुंचा था. इसी दौरान ग्रामीणों ने दोनों को रंगे हाथ पकड़ लिया. घटना की जानकारी पूरे गांव में फैल गई और अगले दिन पंचायत बुलाई गई. पंचायत में दोनों पक्षों की बात सुनी गई. गांव वालों को उम्मीद थी कि पंचायत दोनों को अलग रहने की सलाह देगी या कोई सामाजिक समाधान निकालेगी, लेकिन पंचायत ने दोनों की शादी कराने का फैसला सुना दिया. बताया जा रहा है कि अनुराधा के पति ने भी इस निर्णय पर सहमति जता दी. पंचायत के फैसले के बाद ग्रामीणों की मौजूदगी में पन्ना लाल ने अनुराधा की मांग में सिंदूर भरा और उसे मंगलसूत्र पहनाया. इस दौरान पूरी प्रक्रिया का वीडियो भी बनाया गया. वीडियो में दोनों अपनी सहमति जताते हुए दिखाई दे रहे हैं. यही वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और लोग इस पर अलग-अलग तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं. इस पूरे मामले का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि पन्ना लाल पहले से शादीशुदा है और उसकी पहली पत्नी के साथ दो बच्चे भी हैं. ऐसे में पंचायत द्वारा दूसरी शादी कराए जाने की वैधता पर सवाल उठ रहे हैं. पहली पत्नी के अधिकार, विवाह कानूनों और पंचायत की कानूनी सीमा को लेकर बहस तेज हो गई है. कानूनी जानकारों का मानना है कि यदि किसी व्यक्ति का पहला विवाह वैध रूप से जारी है और उसका तलाक नहीं हुआ है, तो दूसरी शादी का मामला संबंधित कानूनों के तहत अलग कानूनी स्थिति पैदा कर सकता है. हालांकि, इस मामले में अब तक पुलिस या प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है और न ही किसी कानूनी कार्रवाई की पुष्टि हुई है.

# हाथ-पैर बांधे, मुंह पर टेप और कपड़ा, जिंदा डुबोने के लिए लाश से बांधा सीमेंट का खंभा

## -कुएं से जेसीबी क्रेन के जरिए निकाला 78 साल का बुजुर्ग का शव!

( यंग भारत न्यूज )

भीलवाड़ा जिले के बागौर क्षेत्र में 7 दिन से लापता 78 वर्षीय शोभाराम जैन का शव कटारिया खेड़ा के पास एक कुएं से बरामद हुआ है. शव के हाथ-पैर बंधे थे, मुंह पर टेप लगी थी और पैर सीमेंट के पोल से बांधे गए थे.

पहली नजर में मामला लूट और हत्या से जुड़ा नजर आ रहा है जिसके चलते पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. खबरों की मानें तो मृतक शोभाराम जैन एक साहूकार थे. रुपये के उधार लेन-देन का काम करते थे और 18 जुलाई से लापता थे. परिजनों ने शोभाराम जैन की गुमशुदगी की शिकायत भी कराई थी. जैसे ही गांव वालों ने उनका शव कुएं में देखा तो पुलिस को फोन करके तत्काल जानकारी दी. पुलिस अब उनके साथ सिरियारी गए व्यक्ति और घटना से जुड़े अन्य सुरागों की जांच कर रही है. पत्रिका



की रिपोर्ट के मुताबिक, साहूकार शोभाराम जैन का शव मदनपुरा गांव के पास सड़क किनारे एक कुएं से बरामद हुआ है. शव की हालत और परिस्थितियों को देखकर पुलिस ने अनुमान लगाया है कि मामला हत्या और चोरी से जुड़ा है. इस घटना से जुड़े वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आए हैं जिसमें पुलिस ने जेसीबी क्रेन से बुजुर्ग का शव कुएं से बाहर निकाला. शव के हाथ-पैर बंधे हुए थे. कोई शव को कुएं से बाहर न निकाल सके इसके लिए हत्यारों ने मृतक के पैर से सीमेंड का खंभा बांध दिया था. मृतक के मुंह पर टेप लगी मिली है जिससे कोई उनकी चीख-पुकार भी नहीं सुन पाया. मुंह भी कपड़े से ढ़का हुआ पाया गया है. इस घटना ने आसपास के इलाके में कोहराम मचा दिया है तो वहीं परिजनों में आक्रोश का माहौल है. शव की हालत और बैकग्राउंड देख पुलिस ने मामले को पैसों के लेन-देन से जुड़ा बताया है. पुलिस के सूत्रों की मानें तो शोभाराम बावलास गांव के रहने वाले थे. वो अपने कुछ साथियों के साथ 19 जुलाई को जैन तीर्थ सीरीयारी गए थे. घर वालों ने बताया कि उन्होंने तीर्थ क्षेत्र में दर्शन भी किए थे लेकिन उसके बाद शोभाराम से कोई संपर्क नहीं हुआ. जब वो घर नहीं लौटे तो काफई तलाश की गई. लोगों से पूछताछ की और तमाम कोशिशों के बाद, जब बुजुर्ग का पता नहीं चला तो मुंबई में रहने वाले उनके बेटे भैरुलाल ने 20 जुलाई को बागोर थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करा दी. उन्होंने यह बताया कि गांव में पिता जी के साथ चाचा रहते हैं.

# लखनऊ में एमएलए आवास की सातवीं मंजिल से गिरे पूर्व मंत्री नानकराम भुर्जी, अस्पताल में मौत

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊः** राजधानी के लालबाग स्थित विधायक आवास में मंगलवार को बड़ा हादसा हो गया. पूर्व मंत्री नानकराम भुर्जी विधायक आवास की सातवीं मंजिल से नीचे गिर गए. हादसे में उन्हें गंभीर चोटें आईं. अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई. यह हादसा कैसे हुआ, इसकी जांच की जा रही है.



घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और पूरे परिसर को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी. पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आखिर पूर्व मंत्री नानकराम भुर्जी सातवीं मंजिल से कैसे गिरे ? शुरुआती जांच में हर पहलू को ध्यान में रखकर पड़ताल की जा रही है. पुलिस के मुताबिक, फिलहाल यह साफ नहीं हो पाया है कि यह महज एक हादसा था या फिर पूर्व मंत्री ने खुदकुशी की कोशिश की. इसी वजह से पुलिस किसी भी नतीजे पर पहुंचने से पहले घटनास्थल से साक्ष्य जुटा रही है. विधायक आवास में मौजूद लोगों से पूछताछ की जा रही है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है. सिविल अस्पताल में उन्हें बचाने के लिए हरसंभव प्रयास किए गए, लेकिन उन्होंने दम तोड़ दिया. घटना की जानकारी मिलते ही नानकदीन भुर्जी के समर्थक और परिचित बड़ी संख्या में सिविल अस्पताल पहुंचने लगे. अस्पताल के बाहर समर्थकों की भीड़ जुटी हुई है, जबकि विधायक आवास पर भी पुलिस की मौजूदगी बनी हुई है. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच अभी शुरुआती चरण में है. घटनास्थल से मिले साक्ष्यों, प्रत्यक्षदर्शियों के बयान और अन्य तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी. ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश पाल ने बताया कि, पूर्व मंत्री के सातवीं मंजिल से गिरने की सूचना मिली. उन्हें गंभीर हालत में सिविल अस्पताल लाया गया. उनका निधन हो गया है. यह हादसा है या खुदकुशी, ये नहीं पता.

# आजमगढ़ पहुंचे सपा के वरिष्ठ नेता शिवपाल यादव; बोले- 'रामपुर में यूनिवर्सिटी पर बुलडोजर चलाने का काम किया तो बर्दाश्त नहीं करेंगे '

( यंग भारत न्यूज )

**आजमगढ़ :** जिले में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव मंगलवार को आजमगढ़ पहुंचे. इस दौरान उन्होंने समाजवादी पार्टी के दिवंगत वरिष्ठ विधायक आलम बदी आजमी के आवास पर पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा परिजनों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की.



मीडिया से बातचीत में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता शिवपाल यादव ने केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला. उन्होंने कहा कि सरकार की नई शिक्षा नीति पूरी तरह विफल साबित हुई है और शिक्षा व्यवस्था को कमजोर किया गया है. उन्होंने कहा कि छात्रों ने सरकार का अहंकार तोड़ने का काम किया है और वे इसके लिए उन्हें बधाई देते हैं. रामपुर स्थित विश्वविद्यालय पर संभावित बुलडोजर कार्रवाई को लेकर उन्होंने कहा कि यदि विश्वविद्यालय पर बुलडोजर चलाने का काम किया तो बर्दाश्त नहीं करेंगे. उन्होंने कहा कि छात्र भी इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे और समाजवादी पार्टी छात्रों के साथ मिलकर इसका विरोध करेगी. आंदोलन कर रहे छात्रों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि युवाओं पर गंभीर धाराएं लगाकर जेल भेजना गलत है. उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने पिछले दस वर्षों में बुलडोजर चलाकर लोगों के घर तोड़ने का काम किया है. उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर बुलडोजर कार्रवाई करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी. सुभासपा अध्यक्ष के एक बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए शिवपाल यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी पहले से अधिक मजबूत होगी. उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी के कितने विधायक बचे हैं. साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी पार्टी का एक विधायक पेपर लीक मामले में आरोपी है और उसे भी जेल जाना चाहिए. निजामाबाद विधानसभा सीट से टिकट दिए जाने के सवाल पर शिवपाल यादव ने कहा कि उनका आशीर्वाद आलम बदी आजमी के पुत्र बाबू के साथ है.

# चाचा अम्मी को मत मारो', मासूम की आंखों के सामने मां का कत्ल, एकतरफा प्यार में युवक ने महिला को मार डाला

( यंग भारत न्यूज )

**गाजियाबादः** गाजियाबाद के लोनी कोतवाली क्षेत्र में एक सनसनीखेज वारदात ने हर किसी को झकझोर कर रख दिया। एकतरफा प्यार में पागल युवक ने घर में घुसकर चार बच्चों की मां की रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दी। वारदात के वक्त महिला का चार वर्षीय बेटा सब कुछ अपनी आंखों से देख रहा था। वह आरोपी से बार-बार अपनी मां को छोड़ देने की गुहार लगाता रहा, लेकिन आरोपी नहीं रुका। घटना के बाद मासूम काफी देर तक अपनी मां के शव से लिपटकर रोता रहा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।



पुलिस के मुताबिक, प्रेम नगर कॉलोनी निवासी निसार शनिवार को एक रिश्तेदार के निधन के कारण घर से बाहर गए थे। उनके दो बड़े बच्चे स्कूल गए हुए थे, जबकि 31 वर्षीय पत्नी रिजवाना घर पर दो छोटे बच्चों के साथ अकेली थी। इसी बीच उनका पूर्व पड़ोसी फैजान घर पहुंचा। बताया जा रहा है कि उसने पहले रिजवाना से बातचीत की और फिर किसी बहाने दोनों छोटे बच्चों को कमरे से बाहर भेज दिया। कुछ देर बाद कमरे के भीतर से झगड़े की तेज आवाजें आने लगीं। आवाज सुनकर चार वर्षीय बेटा अंदर पहुंचा तो उसने देखा कि आरोपी उसकी मां का गला दबा रहा है। मासूम बेटे ने रोते हुए आरोपी से कहा, 'चाचा, अम्मी को मत मारो', लेकिन आरोपी का दिल नहीं पसीजा। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि फैजान लंबे समय से रिजवाना पर अपने साथ चलने का दबाव बना रहा था। महिला ने जब साफ इनकार कर दिया तो गुस्से में उसने गला दबाकर उसकी हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया। बच्चों के रोने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो उन्होंने रिजवाना को बेसुध पड़े देखा। उन्होंने तुरंत निसार को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही निसार घर पहुंचे और पत्नी को तुरंत अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में आरोपी घर से निकलता दिखाई दिया है। एसीपी लोनी ने बताया कि प्रथम दृष्टया हत्या की वजह एकतरफा प्रेम सामने आया है। मृतका के पति की तहरीर और मासूम बच्चे के बयान के आधार पर फैजान के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।

# शादी के दो साल बाद पत्नी के मां बनने पर हैरान रह गया पति, कहा- सुहागरात नहीं मनाई, तो बच्चा कैसे

( यंग भारत न्यूज )

उत्तर प्रदेश के बरेली में एक महिला शादी के 2 साल बाद मां बन गई। लेकिन इस महिला के पति ने बच्चे को नाम देने से मना कर दिया और साथ में ही चरित्र पर कई सवाल भी खड़े किए। पति ने पत्नी के चरित्र को गलत बताते हुए कहा कि बच्चा उसका नहीं हैं।



पति के अनुसार शादी के बाद उन्होंने सुहागरात ही नहीं मनाई। तो बच्चा ऐसे कैसे हो गया। हालांकि पत्नी ने पति के इन सभी आरोपों को गलत करार दिया। ये पूरा मामला इज्जतनगर थाना क्षेत्र के प्रेमनगर का है। पीड़िता युवती ने इस मामले में अपना पक्ष रखते हुए कहा कि उसका पति ये सब उसे बदनाम करने के लिए कर रहा है। पीड़िता के अनुसार दहेज कम देने की वजह से शुरु से ही ससुराल वाले उसे बदनाम करने में लगे हुए हैं। वहीं अब ये लोग बच्चे को नहीं अपना रहे हैं। पति के इन आरोपों से तंग आकर पीड़िता ने उसके खिलाफ केस भी दर्ज करवाया है।प्रेमनगर इलाके की रहने वाली पीड़िता का विवाह इज्जतनगर इलाके के एक युवक से हुआ था। आरोप है कि शादी के दो दिन तक उसके पति ने उसके साथ सुहागरात नहीं मनाई। साथ में ही शादी के बाद ससुराल वाले दहेज के लिए परेशान करने लगे। पीड़िता ने सुहागरात न होने की बात अपनी सास को बताई। जिसके बाद सास के दखल के चलते पति ने दो दिन बाद सुहागरात मनाई। पीड़िता की शिकायत के मुताबिक पति को उसके घरवालों ने जमीन-जायदाद से बेदखल कर दिया था। जिसके बाद पति अपनी पत्नी के साथ किराये के मकान में रहने लगा। ये खबर आप हिमाचल से में पढ़ रहे हैं। जहां वो अकसर शराब पीकर आता था और मारपीट करता था। मायके से दहेज लाने के लिए कहता था। जब युवती मां बनी तो पति उसके चरित्र पर सवाल खड़े करने लगा, कहने लगा कि ये बच्चा उसका नहीं है। वहीं एक दिन आरोपी उसे अचानक से किराए के मकान में छोड़कर चले गया और घरवालों के साथ रहने लगा। पीड़िता ने बातचीत के जरिए इस मसले को हल करने की काफी कोशिश की। पति के जाने के बाद पीड़िता ने ससुराल वालों को भी मनाया लेकिन सब अपनी जिद पर आड़ रहे। ये लोग चरित्र पर सवाल उठाने लगे। तब पीड़िता ने इज्जतनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराया।

# 12 हजार सैलरी वाली महिला टीचरों के पास करोड़ों की कारें, ठाट-बाट देख ठनका माथा, ड्रग्स नेटवर्क में थीं मोहरा

( यंग भारत न्यूज )

केरल की दो महिला टीचर्स को ड्रग्स सप्लाई नेटवर्क से जुड़े होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है. एमडीएमए ड्रग केस में नाम आने के बाद 'समग्र शिक्षा केरल' ने उन्हें नौकरी से निकाल दिया है.

कोझिकोड जिले में पेराम्ब्रा ब्लॉक रिसोर्स सेंटर (क्क्रष्ट) से जुड़ीं ये दोनों महिला टीचर्स फिजिकल एजुकेशन इंस्ट्रक्टर के.सी. कीर्तना और स्पेशल एजुकेटर के. काव्या हैं. दोनों ही अस्थायी स्पेशल एजुकेटर्स के तौर पर काम कर रही थीं. हैरानी की बात यह है कि इनकी तनख्वाह 12 हजार रुपये महीना थी. लेकिन उनके ऐश-ओ-आराम में कोई कमी नहीं थी. दोनों ही टीचर्स वैसी लग्जरी लाइफ जी रही थीं जैसा 12 हजार रुपये महीना कमाने वाला शख्स नहीं जी सकता. पुलिस के मुताबिक, उनके पास महंगी कारें थी. वह इनकम से कहीं ज्यादा रकम खर्च करती थीं. इस बात से उनके साथियों के मन में शक पैदा हो गया कि सैलरी से बड़े शौक आखिर ये कर कैसे पा रही हैं. उन्होंने मामले की सूचना अधिकारियों को दी. मामले की जांच शुरू की गई तो चौंकाने वाले खुलासे हुए. जांचकर्ताओं ने सबसे पहले सफवान नाम के एक शख्स को एमडीएमए के साथ हिरासत में लिया. उससे पूछताछ के बाद पुलिस को एक अच्छी तरह से संगठित ड्रग सर्कुलेशन नेटवर्क का पता चला. कोझिकोड रूरल पुलिस द्वारा शुरू किए गए नशीले पदार्थों के खिलाफ अभियान 'ऑपरेशन तूफान' के दौरान ही दोनों महिला टीचर्स को गिरफ्तार किया गया. जांचकर्ताओं के मुताबिक, ग्राहक ड्रग्स के ऑर्डर के लिए खाड़ी देश के एक फोन नंबर पर संपर्क करते थे. उनको पेमेंट के लिए एक क्यूआर कोड भेजा जाता था. पमेंट कंफर्म होने पर खरीदारों को छिपे हुए 'डेड-ड्रॉप' पॉइंट्स (जहां ड्रग्स छिपाए गए थे) की तस्वीरें या लोकेशन की जानकारी दी जाती थी. पुलिस ने बताया कि वित्तीय जांच में पता चला कि पेमेंट लेने के लिए जिन क्यूआर कोड और बैंक खातों का इस्तेमाल किया जा रहा था, वे दो महिलाओं से जुड़े थे. अब लाखों रुपये के लेनदेन की जांच की जा रही है. जांचकर्ताओं को शक है कि इन खातों का इस्तेमाल एक बड़े ड्रग नेटवर्क से जुड़े पैसे के लेन-देन के लिए किया गया था. आरोपी टीचर्स के साथी ये सब जानकर हैरान हैं. उनका कहना है कि दोनों ही महिलाएं स्कूल में नशीले पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे कार्यक्रम का हिस्सा थीं. दोनों ने पहले सरकार के नशीले पदार्थों के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रमों में हिस्सा लिया था, जिसमें छात्रों तक पहुंच बनाने वाले अभियान और जन-जागरूकता कार्यक्रम शामिल थे. पुलिस अब यह



पता लगा रही है कि दोनों टीचर्स ने क्या छात्रों को भी ड्रग्स दिए थे ? मामले की जांच के लिए वडाकरा स्टेशन हाउस ऑफिसर की अगुवाई में स्ढ्ढञ्ज बनाई गई है.टीम में एंटी-नारकोटिक्स स्क्वाड, साइबर सेल, महिला सेल और आस-पास के पुलिस स्टेशनों के अधिकारी शामिल हैं. पुलिस का मुख्य फोकस एमडीएमए के सोर्स का पता लगाने, विदेश से नेटवर्क चलाने वालों को खोजने और डिस्ट्रीब्यूशन चेन में शामिल अन्य लोगों का पर्दाफाश करने पर है.

# कांग्रेस ने हमेशा देश के महापुरूषों का अपमान किया : रामकिशोर साहू

**मोदी ,योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार संतों, महापुरुषों और राष्ट्रनिर्माताओं के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रही है।**

### -काम ना करने वाले निष्क्रिय पदाधिकारियों को हटाया जायेगा

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** संत शिरोमणि श्री गुरू रविदास महाराज की 650 वी जयंती पर समरसता संकल्प अभियान के अन्तर्गत भारतीय जनता पार्टी जिला झांसी की जिला कार्यशाला भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष रामकिशोर साहू के मुख्य अतिथि एवं जिलाध्यक्ष प्रदीप पटेल की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। कार्यशाला के शुभारंभ मे अतिथियों द्वारा पं दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ,भारत माता एवं गुरू रविदास महाराज के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं वंदेमातरम के साथ जिला कार्यशाला का शुभारंभ किया गया

मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष रामकिशोर साहू ने सभी जिला पदाधिकारियों एवं मण्डल अध्यक्षों से परिचय प्राप्त कर संगठन की समीक्षा की ।उन्होंने कहा कि डी एल पी अभियान मे तेजी लाये जिसको जो जिम्मेदारी मिली है उसको बाखूबी के साथ निभायें । काम ना करने वाले निष्क्रिय पदाधिकारियों को हटाया जायेगा ।10 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जायेगा। 29 जुलाई को संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती के पूर्व दिवस पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए कहा कि संत रविदास केवल एक संत नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, समानता और मानवता के महान प्रवर्तक थे। उन्होंने अपने जीवन और वाणी के माध्यम से समाज को जाति-पांति, ऊंच-नीच और भेदभाव से ऊपर उठकर एकता और भाईचारे का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि संत रविदास का जीवन हमें सिखाता है कि व्यक्ति की पहचान उसके कर्म, चरित्र और सेवा भावना से होती है, न कि उसके जन्म या सामाजिक पृष्ठभूमि से। उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने सदियों पहले थे। समाज में समरसता और सामाजिक न्याय स्थापित करने के लिए उनके आदर्शों को अपनाना समय की आवश्यकता है। रामकिशोर साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार संतों, महापुरुषों और राष्ट्रनिर्माताओं के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के सम्मान, विकास और सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है तथा सामाजिक समरसता को मजबूत बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। कांग्रेस ने हमेशा देश के महापुरूषों का अपमान किया है उन्होंने सभी से आह्वान किया कि संत रविदास महाराज के बताए सत्य, सेवा, सद्भाव, परिश्रम और समानता के मार्ग पर चलकर एक ऐसे समाज का निर्माण करें, जहां किसी के साथ भेदभाव न हो और सभी को समान अवसर प्राप्त हों। उन्होंने कहा कि संत रविदास की शिक्षाएं आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनी रहेंगी और उनके आदर्श विकसित, समरस एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सदैव मार्गदर्शक रहेंगे ।क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कहा कि मण्डल के पांच मंदिरों पर संत रविदास महाराज का चित्र रखकर दीपोत्सव कार्यक्रम किया जायेगा ।गुरू पूर्णिमा से माघ पूर्णिमा तक संत रविदास महाराज के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। अध्यक्षता कर रहे भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रदीप पटेल ने संगठन के सभी पदाधिकारियों को डी एल पी को पूरी जिम्मेदारी, ईमानदारी और समर्पण के साथ पूरा करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा सौंपे गए प्रत्येक दायित्व का समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से निर्वहन करना सभी पदाधिकारियों का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की सक्रियता और अनुशासित कार्यशैली पर निर्भर करती है। कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप पटेल ने कहा कि प्रत्येक पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में नियमित रूप से कार्यकर्ताओं से संपर्क बनाए रखें तथा डी एल पी कार्य को प्राथमिकता देते हुए निर्धारित समय सीमा में पूरा करें। उन्होंने कहा कि संगठन की योजनाओं और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सभी को टीम भावना के साथ कार्य करना होगा। बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी पदाधिकारी लगातार प्रवास करें और कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करें ।उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्रहित और संगठन हित को सर्वोपरि मानते हुए कार्य करता है। आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों एवं चुनावी तैयारियों को देखते हुए सभी पदाधिकारी अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी एकजुट होकर संगठन को और अधिक मजबूत बनाएंगे तथा प्रत्येक अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर गरौठा बिधायक जवाहरलाल राजपूत,जिला पंचायत अध्यक्ष पवन गौतम, राज्यमंत्री जमुना कुशवाहा, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ जगदीश सिंह चौहान, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक गिरी, जिनेन्द्र जैन, जिला महामंत्री छत्रपाल सिंह राजपूत, बद्री त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष सहजेन्द्र सिंह बघेल, गुड्डी रानी पटेल, नेहिल सिंघई, सतेन्द्र खरे,वीरेंद्र नायक,अमित चौरसिया, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा प्रीति शर्मा, हाकिम सिंह चौहान, चंचल कंथरिया,मोनू मोर्या, यशोदा कुशवाहा, शुभम बैध, पुष्पेन्द्र दुबे, रोहित सोनी, सुरेंद्र पाठक, मुकेश पटेल,अजय राय नोटा, गुरदीप सिंह गुर्जर,दीकपक त्रिपाठी, प्रगति आर्य, कपिल मुदगिल, कृष्णचन्द्र तिवारी,वीर प्रताप सिंह चौहन, अजय श्रीवास, रामकिशोर आर्य, नृपेन्द्र सिंह चौहान आदि उपस्थित रहे। कार्यशाला मे क्षेत्रीय अध्यक्ष द्वारा भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्षों को सम्मानित किया गया। संचालन जिला महामंत्री डॉ अनिल राज ने किया।

# बिजली कर्मी की मौत में नया मोड़ः महिला समेत चार पर आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज

( यंग भारत न्यूज )

**उरई जालौन ।** जनपद के बिजली विभाग के माधौगढ उपखंड कार्यालय में तैनात रहे बिजलीकर्मी की मौत के मामले में पुलिस ने बड़ा कदम उठाते हुए आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में महिला समेत चार लोगों के खिलाफ सीपरी थाना झांसी में प्राथमिकी दर्ज कर ली है। यह कार्रवाई मृतक के भाई की शिकायत पर की गई है, जिससे दो महीने पुराने मामले में नया मोड़ आ गया है।

मिली जानकारी के अनुसार, सीपरी बाजार थाना क्षेत्र के प्रेमनगर निवासी सुनील कुमार इटेलिया ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके भाई मुकेश कुमार का शव करीब दो माह पहले हाइड्रिल कॉलोनी स्थित मंदिर के पास संदिग्ध हालत में मिला था। मुकेश बिजली वितरण खंड में सहायक पद पर तैनात थे। बताया गया कि मृतक की पत्नी पिछले 22 वर्षों से अलग रह रही थी, जिसके चलते उसे माताटीला हाइड्रिल कॉलोनी में सरकारी आवास आवंटित किया गया था। मृतक वहां कार्य के दौरान आता-जाता रहता था। आरोप है कि एक महिला ने आवास खाली देखकर एक कमरे की मांग की थी। कुछ समय बाद महिला अपने बेटे, बेटी और दामाद के साथ वहां रहने लगी। मृतक के भाई का आरोप है कि उक्त लोग उसके भाई के साथ मारपीट करते थे और जबरन कागजों व स्टांप पर हस्ताक्षर कराते थे। भाई के मुताबिक, घटना से पहले मृतक ने मां को बताया था कि महिला मकान खाली नहीं कर रही है और उसे धमकाया जा रहा है। मृतक ने यह भी आशंका जताई थी कि आरोपी उसकी हत्या कर नौकरी और फंड हड़प सकते हैं। घटना के समय मिले सुसाइड नोट में भी मृतक ने अपनी मौत के लिए इन्हीं लोगों को जिम्मेदार ठहराया था। नवाबाद थाना प्रभारी रवि श्रीवास्तव ने बताया कि मामला करीब दो माह पुराना है। मृतक के भाई की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच जारी है। पुलिस अब इस मामले के हर पहलू की जांच कर रही है, ताकि मौत के पीछे की सच्चाई सामने आ सके। बताते चले कि उक्त मृतक जनपद के डिवीजन द्वितीय के माधौगढ़ एसडीओ कार्यालय में कार्यरत थे जिन्होंने झांसी अपने आवास में आत्म हत्या कर ली थी इसमें चीफ इंजीनियर ऑफिस के बड़े बाबू पर आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप मृतक के परिजन पहले से ही लगा रहे थे

# गौशाला में ताले, खेतों में आवारा गौवंश! रात-रात भर फसल की रखवाली कर रहे किसान

**गौशाला होने के बावजूद खेतों में घूम रहे दर्जनों आवारा गौवंश, ग्रामीणों में आक्रोश**

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** विकास खंड महेवा की ग्राम पंचायत दहेलखण्ड में आवारा गौवंश किसानों के लिए बड़ी मुसीबत बन गए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में गौशाला होने के बावजूद दर्जनों गौवंश खुलेआम खेतों में घूम रहे हैं और किसानों की खून-पसीने की मेहनत को कुछ ही समय में बर्बाद कर दे रहे हैं।

बरसात के मौसम में किसान दिनभर खेतों में मेहनत करने के बाद रात-रात भर फसलों की रखवाली करने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि थोड़ी देर के लिए भी आंख लग जाए तो आवारा गौवंश खेतों में घुसकर पूरी फसल को नुकसान पहुंचा देते हैं। वहीं, बारिश के दौरान खेतों में जहरीले सांप और बिच्छुओं का खतरा भी बना रहता है। ऐसे में किसानों की सुरक्षा को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि इस समस्या को लेकर कई बार उप जिलाधिकारी कालपी और खंड विकास अधिकारी महेवा से शिकायत की जा चुकी है। उनका दावा है कि जिलाधिकारी के निर्देश के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो सका है, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मामले में हस्तक्षेप करते हुए तत्काल आवारा गौवंश को गौशाला में पहुंचाने और किसानों को राहत दिलाने की मांग की है। ग्रामीणों का सवाल है कि जब गांव में गौशाला मौजूद है, तो आखिर आवारा गौवंश खुले में क्यों घूम रहे हैं और किसानों की फसल बर्बाद होने के लिए जिम्मेदार कौन है ?

# बारिश न होने से सिंचाई का संकट, विधायक जवाहर राजपूत ने नहर खुलवाने के लिए अधिकारियों से की वार्ता

### -1 हजार क्यूसेक पानी छोड़ने को कहा

( यंग भारत न्यूज )



**गरौठा।** क्षेत्र में लगातार बरसात नहीं होने से किसानों के सामने सिंचाई/धान रोपण का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। खरीफ की फसल को बचाने के लिए किसानों को तत्काल सिंचाई की आवश्यकता है। इसी को लेकर गरौठा, मोंठ, समथर, पूंछ, गुरसरांय एवं आसपास के क्षेत्रों के किसानों द्वारा लगातार गरौठा विधायक जवाहर लाल राजपूत से संपर्क किया जा रहा है. इसे देखते हुए विधायक जवाहर राजपूत ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों से दूरभाष पर बात कर नहरों में पानी छोड़े जाने को कहा है. विधायक ने कहा कि धान की फसल यहां काफी रोपी गई/रोपी जा रही हैं इसको देखते हुए 1000 क्यूसेक पानी तत्काल नहरों में छोड़ा जाना चाहिए.

किसानों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए विधायक जवाहर लाल राजपूत ने सिंचाई विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता की. उन्होंने अधिकारियों को क्षेत्र में वर्षा के अभाव से उत्पन्न स्थिति से अवगत कराते हुए शीघ्र नहरों में पानी छोड़े जाने के निर्देश दिए हैं, ताकि किसानों की खरीफ की फसल को नुकसान से बचाया जा सके. विधायक ने अधिकारियों से कहा कि यदि समय रहते सिंचाई की व्यवस्था नहीं हुई तो मोंठ, गुरसरांय, एरच, समथर, पूंछ एवं अन्य क्षेत्रों में धान, उड़द, तिल सहित अन्य खरीफ फसलों के खराब होने की आशंका बढ़ जाएगी, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है. सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने विधायक को आश्वासन दिया कि किसानों की समस्या को प्राथमिकता पर लेते हुए जल्द ही नहरों का संचालन शुरू कराने की कार्रवाई की जाएगी.

# जालौन की बेटी की महाराष्ट्र में संदिग्ध मौत

### - मृतका के पिता ने पति-ससुर समेत ससुराल पक्ष पर लगायें गंभीर आरोप

### -राज्य महिला आयोग,कि सदस्य अनुपमा सिंह लोधी सौंपा पत्र

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** जालौन के ग्राम बरियापुर निवासी संतोष चौधरी ने महाराष्ट्र के ठाणे जिले में अपनी बेटी हीना की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने राज्य महिला आयोग,कि सदस्य अनुपमा सिंह लोधी उत्तर प्रदेश को दिये गये शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि उनकी बेटी को उसके पति, सास, ससुर और देवर द्वारा कथित रूप से प्रताड़ित किया जाता था और मारपीट भी की जाती थी।

शिकायत के अनुसार, हिना की शादी 20 नवंबर 2025 को महाराष्ट्र के ठाणे जिले के रहने वाले सोनू संतोष भास्कर से हुई थी। पिता का आरोप है कि शादी के बाद से ही बेटी को दहेज और मोटरसाइकिल की मांग को लेकर परेशान किया जाता था। आरोप है कि ससुराल पक्ष द्वारा उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया। शिकायत में बताया गया है कि मार्च 2026 में पिता अपनी बेटी को लेकर जालौन पुलिस स्टेशन पहुंचे थे, जहां दोनों पक्षों के बीच मामला समझाने का प्रयास किया गया। इसके बाद कथित तौर पर हीना कुछ समय के लिए मायके पक्ष के साथ रही। बाद में ससुराल पक्ष उसे वापस महाराष्ट्र ले गया। पिता के अनुसार, 14 जून 2026 को हीना की तबीयत खराब होने की बात कहकर उसके पति और देवर उसे लेकर आए। शिकायत में आरोप है कि हालत बिगड़ने पर उसे उल्हासनगर के केंद्रीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान 23 जून 2026 को शाम करीब 6:20 बजे उसकी मौत हो गई। परिजनों ने मौत के बाद पुलिस को सूचना दी और पोस्टमार्टम कराया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि उनकी बेटी की मौत सामान्य नहीं थी और इसके पीछे ससुराल पक्ष की कथित प्रताड़ना की भूमिका की जांच की जानी चाहिए। बताया गया है कि घटना के संबंध में 25 जून 2026 को महाराष्ट्र के ठाणे जिले के शिवाजी नगर पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई। अब मृतका के पिता ने राष्ट्रीय महिला आयोग से मामले की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच, आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई और परिवार को न्याय दिलाने की मांग की है।

# 17 जातियों को एससी प्रमाणपत्र देने की मांग, निषाद पार्टी ने विधायकों को सौंपा ज्ञापन

**ओबीसी प्रमाणपत्र जारी करने पर रोक और 2016-17 के शासनादेश का अनुपालन कराने की उठाई मांग**

( यंग भारत न्यूज )






**उरई ( जालौन )।** निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल (निषाद पार्टी) के पदाधिकारियों ने मंगलवार को निषाद, केवट, मल्लाह, कश्यप, कहार, धीमर, बिंद, बाथम, तुरहा, गोड़िया, मांझी और मछुआ समेत 17 जातियों को अनुसूचित जाति का प्रमाणपत्र जारी किए जाने की मांग को लेकर सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा एवं कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री समेत संबंधित अधिकारियों को संबोधित किया गया।

जिलाध्यक्ष सत्यप्रकाश निषाद के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि वर्ष 2016 एवं 2017 के शासनादेशों के बावजूद कई जिलों में संबंधित जातियों के ओबीसी प्रमाणपत्र जारी किए जा रहे हैं, जो शासनादेश के अनुरूप नहीं है। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि इस पर तत्काल रोक लगाकर पात्र जातियों को अनुसूचित जाति के प्रमाणपत्र जारी किए जाएं। ज्ञापन में उत्तराखंड की तर्ज पर आवश्यक विधायी कार्रवाई कर संबंधित जातियों की स्थिति स्पष्ट करने, अनुसूचित जाति वर्ग के अंतर्गत आरक्षण एवं अन्य संवैधानिक लाभ उपलब्ध कराने तथा सभी जिलाधिकारियों एवं उपजिलाधिकारियों को शासनादेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश जारी करने की भी मांग की गई। इस दौरान रीमा निषाद,विशंभर सिंह,रूपराम फौजी,डॉ. मन्नूलाल निषाद,महेश निषाद,वीरेंद्र निषाद,रामजीवन निषाद,बालमुकुंद निषाद,राधाचरण रायकवार,नरेश निषाद,रामनारायण निषाद,सोनेलाल निषाद,दीपक निषाद,विक्रम निषाद,सिद्धांत रायकवार, नारायणदास निषाद, रामौतार निषाद, रामकुमार बाथम, भगवान सिंह सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पूर्व अध्यापक वी डी शर्मा का निधन

( यंग भारत न्यूज )



**बामौर।** हनुमंत इंटर कालेज बामौर के रिटायर्ड अध्यापक वी डी शर्मा के आकस्मिक निधन पर विद्यालय परिवार,समाजसेवियों, राजनेताओ एवं ग्राम वासियों ने गहरा शोक व्यक्त किया। वी डी शर्मा के निधन पर उनके सहपाठी रहे राज्यमंत्री हरगोविंद कुशवाहा, गरौठा बिधायक जवाहरलाल राजपूत,पूर्व प्रधानाचार्य एन डी शर्मा, पूर्व प्रधानाचार्य दिनेश त्रिपाठी ,रिटायर्ड अध्यापक शिवकुमार तिवारी ,इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य मनोज कुमार, प्रधान बामौर संजय गुप्ता, हरनाथ सिंह चौहान,पूर्व प्रधान जमुना पटेल आदि ने शोक व्यक्त किया।

# अमृत सरोवर तालाब की अधूरी खुदाई से ग्रामीण परेशान, सुंदरकीकरण कराने की मांग

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** विकासखंड जालौन की ग्राम पंचायत सिकरी राजा में अमृत सरोवर तालाब की अधूरी खुदाई ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। तालाब में कीचड़, मक्खी, मच्छर, सांप और बिच्छू होने से ग्रामीणों में बीमारी फैलने की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार प्रशासन को अवगत कराने के बावजूद अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। इस संबंध में जिला पंचायत सदस्य एवं ग्राम सिकरी राजा निवासी संजू कठेरिया ने खंड विकास अधिकारी जालौन को प्रार्थना पत्र देकर अमृत सरोवर तालाब का सुंदरीकरण एवं शेष कार्य पूर्ण कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि तालाब की अधूरी खुदाई के कारण ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है तथा कीड़े-मकौड़ों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने खंड विकास अधिकारी से मामले की जांच कराकर तालाब का सुंदरीकरण कराने और ग्रामीणों को समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

# तैलिक साहू महासभा के मीडिया प्रभारी बने सोनू साहू चटर्जी

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** उत्तर प्रदेश तैलिक साहू महासभा (पंजीकृत) ने झांसी मंडल की नई कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने का संकल्प व्यक्त किया है। राष्ट्रीय नेतृत्व की सहमति से जारी सूची में प्रभुदयाल साहू (नेताजी) को झांसी मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

नई कार्यकारिणी में एड. आनंद साहू को महामंत्री, अमान साहू को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अयोध्या प्रसाद साहू, कैलाश साहू एवं संतोष साहू को उपाध्यक्ष बनाया गया है। गुलाब साहू को कोषाध्यक्ष, जबकि अरविंद साहू, पवन साहू, मदन साहू एवं मोतीलाल साहू को संगठन मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं झांसी के वरिष्ठ पत्रकार सोनू साहू चटर्जी को मंडल मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा पंकज साहू, शिवकांत साहू, शैलेश साहू, रामसेवक साहू, दुर्गा सिंह साहू, ब्रजेश साहू, अनिल कुमार साहू, कालीचरण साहू, अवध किशोर साहू एवं राकेश साहू को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष प्रभुदयाल साहू ने कहा कि महासभा समाज के हितों की रक्षा, युवाओं को संगठन से जोड़ने, शिक्षा को बढ़ावा देने, सामाजिक एकता को मजबूत करने तथा जनजागरूकता के कार्यक्रमों को प्राथमिकता देगी। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने और समाज की समस्याओं को शासन-प्रशासन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने का आह्वान किया। महासभा के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने नवनियुक्त टीम को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि नई कार्यकारिणी समाज के विकास, संगठन के विस्तार और जनहित के मुद्दों पर सक्रिय एवं प्रभावी भूमिका निभाएगी।

मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718